आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 244 ● कटनी ● शनिवार, 8 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## पाक की जेलों में बंद 6 भारतीयों की मौत, भारत ने जताई कड़ी आपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी जेलों में बंद भारतीय नागरिकों की मौत पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया पाकिस्तान की जेलों में पिछले 9 महीने में 6 भारतीय कैदियों की मौत हो गई है।

## नासिक में दर्दनाक हादसा

# बस में आग, 11 जिंदा जले, 38 झुलसे

### बस यवतमाल से मुंबई जा रही थी, कुछ ने खिड़की से कूदकर जान बचाई

**नासिक, एजेंसी। महाराष्ट्र के नासिक में शनिवार सुबह एक भीषण हादसा हो गया। बस और आयशर ट्रक के बीच टक्कर हुई, जिससे बस के डीजल टैंक में ब्लास्ट हुआ और उसके अगले हिस्से में आग लग गई। देखते ही देखते 20 मिनट में बस धू-धूकर जल गई।हादसे में बस में सवार 11 लोग जिंदा जल गए। इनके अलावा, 38 यात्री जख्मी हुए हैं। बस यवतमाल से मुंबई जा रही थी। दुर्घटना सुबह 4.30 बजे की है। कुछ यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई। रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना के वक्त यात्री सो रहे थे और उन्हें बचने का मौका नहीं मिला।**

#### 45 से 50 लोग सवार थे

हादसा नासिक-औरंगाबाद रूट पर नंदूरनाका के पास हुआ। बस चिंतामणि ट्रेवल्स की थी। इसमें 45-50 लोग सवार थे। पुलिस उपायुक्त अमोल तांबे ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि 10 लोगों की मौत हुई है। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा है कि घायलों के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी।मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। साथ ही सरकार ने 5 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है। उन्होंने जानकारी दी कि इसे लेकर जिलाधिकारी से बात की गई है।खबर है कि चलती बस में आग लग गई थी। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि यात्रियों से भरी बस पलट गई थी, जिसके बाद आग लग गई।

#### खिड़की से कूदकर बचाई जान

वाशिम जिले के लोनी की रहने वाली अनीता सुकदेव चौधरी ने बताया कि जब मैं सो रही थी, बस और ट्रक में टक्कर हुई। मैं सीट से नीचे गिर पड़ी। इसके बाद बस के अगले हिस्से से आग की लपटें निकलने लगी। मैंने खिड़की से कूद कर जान बचाई। 20 मिनट बाद दमकल की गाड़ी यहां पहुंची। यवतमाल के पिराजी सुभाष धोत्रे ने बताया कि मैं अपने चाचा-चाची के साथ कल्याण जा रहा था। सभी लोग सोए हुए थे। आग से चाचा जी काफी झुलस गए हैं। हालांकि, समय पर खिड़की से कूदने के कारण हम तीनों की जान बच गई।



#### चश्मदीद ने बताया- अचानक शोर की आवाज से उठे, दूसरा जीवन मिल गया

पूजा चव्हाण नाम की एक महिला यात्री ने बताया, मैं अपने दो बच्चों के साथ बस यात्रा कर रही थी। हम सो रहे थे तभी अचानक लोगों का शोर सुनाई दिया। बस के अगले हिस्से में आग नजर आई। इसके बाद हमने खिड़की से अपने दोनों बच्चों के साथ छलांग लगा दी। इसमें उनका हाथ झुलस गया है। हालांकि, इस कोशिश से मेरे दोनों बच्चे सेफ हैं। हमें दूसरा जीवन मिला है। अगर कुछ देर हो जाती तो हमारे साथ कुछ भी हो सकता था।



## सिवनी के हरदुली के कुएं में मिले 1 महिला और 2 बच्चों के शव

**सिवनी ,यश भारत।** सिवनी जिले के धनोरा थाना अंतर्गत हरदुली ग्राम के कुएं में एक महिला और दो बच्चों की लाश मिलने से सनसनी फैल गई।इसकी जानकारी मिलते ही धनोरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले को लेकर धनोरा पुलिस द्वारा महिला के परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।कि आखिर घटना के पीछे क्या कारण है। फिलहाल धनोरा पुलिस ने शवों को बाहर निकाल कर उनका पंचनामा तैयार कर लिया है और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा लाया जाएगा। जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस बात का पता नहीं चल पाया है कि महिला ने बच्चों के साथ आत्महत्या की या उसकी हत्या की गई है। लेकिन इस घटना से क्षेत्र में गमगीन माहौल है। पुलिस द्वारा यह भी पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि यदि महिला ने बच्चों के साथ आत्महत्या की है तो किसने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया था। जिसके कारण ये दर्दनाक घटना हुई।

## रिमोट कंट्रोल अध्यक्ष नहीं बनेंगे मल्लिकार्जुन खड़गे

### सोनिया गांधी पर कह दी यह बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में दावेदारी पेश कर रहे वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे प्रचार में व्यस्त हैं। गुरुवार को उन्होंने साफ कर दिया है कि वह मौजूदा अध्यक्ष सोनिया गांधी के रिमोट कंट्रोल के रूप में काम नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर वह जीतते हैं, तो नियंत्रण उनके पास होगा। शनिवार को उम्मीदवारों के पास नामांकन वापस लेने का अंतिम मौका है। फिलहाल, खड़गे पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से समर्थन जुटाने के लिए गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे हैं। वहीं, हाल ही में उनके प्रतिद्विंदी शशि थरूर दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में बैठक करने पहुंचे थे। पार्टी प्रमुख के चुनाव के लिए 17 अक्टूबर को मतदान होगा। वहीं, 19 अक्टूबर को मतगणना होगी। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी की तरफ से दावा किया जा रहा है कि खड़गे, सोनिया के रिमोट कंट्रोल और प्रॉक्सी हो जाएंगे। इससे



जुड़े सवाल पर खड़गे ने जवाब दिया, लोग कहते हैं कि मैं रिमोट कंट्रोल हूं और पर्दे के पीछे काम करता हूं। वे कहते हैं कि मैं वही करूंगा जो सोनिया गांधी कहेंगी। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि कांग्रेस में रिमोट कंट्रोल जैसी कोई चीज नहीं है। लोग साथ मिलकर फैसले लेते हैं। यह आपकी सोच है। मैं जानता हूं कि कुछ लोग यह गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। थरूर को लेकर उन्होंने कहा, मैं किसी को चुनाव लड़ने से कैसे रोक सकता हूं? मैं ऐसी चीजों में भरोसा नहीं करता और मैं इस काम के लिए यहां नहीं हूं। यह एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। जब मेरी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक मुझसे चुनाव लड़ने की अपील कर रहे हैं, तो क्या मुझे भागना चाहिए।

#### भाजपा पर निशाना

बातचीत के दौरान खड़गे ने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, कितनी पार प्रधानमंत्री ने (पार्टी अध्यक्ष) के चुनाव कराए? सभी अध्यक्ष सहमति से चुने जाते हैं और वे अब उपदेश देने की कोशिश कर रहे हैं? भाजपा का रिमोट कंट्रोल कहां है? जब मैं अध्यक्ष बनूंगा, तो रिमोट कंट्रोल मेरे पास रहेगा।

#### सोनिया की तारीफ

इस दौरान वरिष्ठ नेता ने सोनिया की भी जमकर तारीफ की। खड़गे ने कहा कि उन्होंने खुद पद लेने या बेटे पर विचा के बजाए मशहूर अर्थशास्त्री को देश का प्रधानमंत्री बना दिया। उन्होंने कहा कि वह उस परिवार से आती हैं, जिसने इस देश के लिए अपने सदस्यों की कुर्बानी दी है। खड़गे ने कहा, मैं चुनाव में अपनी पार्टी की विचारधारा, गांधी, नेहरू की विचारधारा को बचाने और सरदार पटेल की तरफ से किए गए एकता के आह्वान को मजबूत करने के लिए चुनाव में उतरा हूं।



## सरकार ने दी वायुसेना में हथियार प्रणाली शाखा स्थापना को मंजूरी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय वायुसेना की 90वीं वर्षगांठ के अवसर पर चंडीगढ़ स्थित वायुसेना स्टेशन में शनिवार सुबह औपचारिक परेड का आयोजन किया गया। वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने परेड का निरीक्षण किया, जिसके बाद एक मार्च-पास्ट किया गया। कार्यक्रम में चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना में अधिकारियों के लिए एक हथियार प्रणाली शाखा की स्थापना को मंजूरी दी है। ?उन्होंने कहा कि आजादी के बाद वायुसेना में पहली बार एक नयी अभियानगत शाखा बनाई जा रही है। एअर चीफ मार्शल ने दावा किया कि इस शाखा के बनने से सरकार को उड़ान प्रशिक्षण के खर्च में कटौती कर 3,400 करोड़ रुपये से अधिक की बचत करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में पश्चिमी वायु कमान के एअर-ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एअर मार्शल श्रीकुमार प्रभाकरन सहित कई अन्य वरिष्ठ वायुसेना अधिकारी मौजूद थे। वायुसेना प्रमुख जब आयोजन स्थल पर पहुंचे तो विंग कमांडर विशाल जैन के नेतृत्व में तीन एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टरों ने फ्लाई-पास्ट करते हुए भारतीय ध्वज प्रदर्शित किया।

## जाति पर बोले आरएस चीफ यह पुरानी व्यवस्था, इसे भूल जाना चाहिए



**नागपुर, ईएमएस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस प्रमुख का आरक्षण को लेकर बयान फिर चर्चा में है। नागपुर में शुक्रवार को एक किताब के विमोचन के दौरा सर संघचालक मोहन भागवत ने जाति और वर्ण व्यवस्था को खत्म करने की अपील की है। भागवत ने कहा- समाज का हित चाहने वाले हर व्यक्ति को यह कहना चाहिए कि वर्ण और जाति व्यवस्था पुरानी सोच थी जिसे अब भूल जाना चाहिए। इससे पहले दशहरे पर उन्होंने रोजगार के लिए नौकरियों की तरफ न देखने की सलाह दी थी।भागवत ने शुक्रवार को कहा कि ऐसी कोई भी चीज जो भेदभाव पैदा कर रही हो उसे पूरी तरह से खारिज कर देना चाहिए। भारत हो या फिर कोई और देश, पिछली पीढ़ियों ने गलतियां जरूर की हैं। हमें उन गलतियों को स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अगर आपको लगता है कि हमारे पूर्वजों ने गलती की है, ये बात मान लेने पर उनका महत्व कम हो जाएगा तो ऐसा नहीं है, क्योंकि हर किसी के पूर्वजों ने गलतियां की हैं।

## खांसी की दवा हो सकती है जानलेवा

### सेवन करते समय इन बातों की रखें सावधानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में पश्चिमी अफ्रीका के गाम्बिया देश में 66 बच्चों की मौत ने कारण दुनिया भर में हड़कंप मच गया, दरअसल इन बच्चों की मौत के लिए खांसी की दवा का जिम्मेदार माना जा रहा है। यह दवा भारत के हरियाणा राज्य में स्थित एक दवा कंपनी ने बनाई थी । वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने इन अब खांसी की दवा को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि खांसी की दवा में उपयोग किए जाने वाले चार ड्रग्स प्रोमेथाज़िन ओरल सॉल्यूशन , कोफेक्समालिन बेबी कफ सिरप , मकॉफ़ बेबी कफ सिरप और मैग्रीप एन कोल्ड सिरप का उपयोग सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इन दवाओं में डायथाइलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल की अधिक मात्रा पाई गई है। WHO ने कहा है कि डायथाइलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल का सेवन मानव शरीर के लिए जहरीला हो सकता है। यह ड्रग शरीर में गुर्दे और तंत्रिका संबंधी विषाक्तता का कारण बन सकता है और दवाओं के माध्यम से सेवन करने पर बड़े पैमाने पर विषाक्तता के कई मामलों से जुड़ा हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सलाह दी है कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और जुकाम की दवा नहीं दी जानी चाहिए। ओरल ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) खांसी और सर्दी की दवाएं छोटे बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि हर बार दवा का सेवन भी सुरक्षित नहीं है।

**बच्चों के लिए आजमाएं घरेलू उपचार-** डॉक्टर के अनुसार सर्दी खांसी की स्थिति में बच्चों के लिए घरेलू उपचार ही आजमाना चाहिए। उदाहरण के लिए सर्दी या फ्लू की स्थिति में बच्चों को ज्यादा आराम करने देना चाहिए। खूब पानी पीना चाहिए। तरल पदार्थ जैसे पानी, जूस और सूप पिएं।

**खांसी की दवा लें तो इन बातों का रखें ध्यान-** डॉक्टर की सलाह के बाद ही बच्चों को खांसी की दवा देना चाहिए। बच्चों को कितनी, कब और कितने समय तक दवा देनी है, इस बारे में अच्छे से डॉक्टर से पूछ लेना चाहिए। दवा का ज्यादा डोज भी बच्चों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। यदि कोई लिक्विड दवा पहले उपयोग में की थी और बच गई है तो उसे तत्काल फेंक दें, भविष्य के लिए संभालकर न रखें।

## गुजरात तट से पाकिस्तानी नाव पकड़ी गई, 350 करोड़ की हेरोइन 6 गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन कोस्ट गार्ड्स ने ,अस गुजरात ने शनिवार सुबह जॉइंट ऑपरेशन चलाकर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास से एक पाकिस्तानी बोट पकड़ी है। अल साकार नाम के इस बोट से 50 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है। बोट सवार 6 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इंटरनेशनल मार्केट में हेरोइन की कीमत करीब 350 करोड़ रुपए आंकी गई है। आगे की जांच के लिए नाव को कच्छ जिले के जखाऊ पोर्ट ले जाया गया है। इससे पहले 14 सितंबर को भी एक पाकिस्तानी बोट से 200 करोड़ की 40 किलो हेरोइन जब्त की गई थी।

## चंद्रयान-2 को मिली बड़ी सफलता

### पहली बार चांद पर खोजा सोडियम का खजाना



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रमा पर शोध कर रहे चंद्रयान-2 के जरिए बड़ी सफलता प्राप्त की है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर में लगे एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर 'क्लास' ने पहली बार चंद्रमा की सतह पर सोडियम के विशाल भंडार का पता लगाया है। इसरो ने जानकारी दी है कि चंद्रयान-2 एक्स-रे फ्लोरोसेंस स्पेक्ट्रोमीटर ने चांद की सतह पर सोडियम का खजाना खोज निकाला है।इसरो ने शुक्रवार को जानकारी दी कि 'द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स' में हाल में प्रकाशित एक अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार चंद्रयान-2 ने पहली बार चंद्रयान-2 लार्ज एरिया सॉफ्ट एक्स-रे स्पेट्रोमीटर का उपयोग करके चंद्रमा पर प्रचुर मात्रा में सोडियम की मौजूदगी का पता लगाया है। इसरो ने बताया कि बेंगलुरु में इसरो के यूआर राव उपग्रह केंद्र में निर्मित 'क्लास' अपनी उच्च संवेदी क्षमता और दक्षता के कारण सोडियम लाइन के स्पष्ट सबूत प्राप्त कर रहा है।इसरो ने जानकारी देते हुए कहा है कि सोडियम चंद्रमा के खनिजों का हिस्सा हैं तो इन सोडियम अणुओं को सौर वायु या पराबैंगनी विकिरण से अधिक आसानी से सतह से बाहर निकाला जा सकता है। इसरो के मुताबिक सोडियम एक क्षारीय तत्व है और इसमें दिलचस्पी पैदा करने वाला एक रोचक पहलू चंद्रमा के महीन वातावरण में इसकी मौजूदगी है।

## स्कूल से पहले उफनती नदी ने ली परीक्षा




**रतलाम ईएमएस।** मध्यप्रदेश के रतलाम जिले से 22 किलोमीटर दूर सिखेड़ी गांव में 9 वी से 12 वी पढ़ने वाली छात्राएं परीक्षा उफनती नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। यहां नदी के ऊपर बने पुल पर थोड़ी सी बारिश में ही घुटनों तक पानी भर जाता है। परीक्षा देकर लौट रहे छात्र छात्राएं पुल पर से परीक्षा देकरलौट रही थी तभी किसी ने ये वीडियो बना कर वाइरल कर दिया। एक महीने पहले ही गांव में बाढ़ आने से एक प्रसूता की डिलीवरी घर में ही करानी पड़ी थी । छात्र -छात्राओं ने बताया कि गांव में 8वीं के बाद स्कूल नहीं है। 9वीं-12वीं तक स्कूल नामली गांव में लगता है। इसलिए पढ़ने के लिए नामली जाते हैं। हर साल बारिश में यही स्थिति रहती है। जरा सी बारिश में पुल के ऊपर तक पानी कई फिट तक आ जाता है जिसके कारण स्कूल की छुट्टी रखनी पड़ती है आज परीक्षा होने के कारण जाना बहुत जरूरी था इसलिए गए थे। रतलाम जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर सिखेड़ी गांव का सम्पर्क गंगायता और सुनारिया खाल में बाढ़ आने पर जिला से मुख्यालय से टूट जाता है। बीते महीने भी ऐसी ही स्थिति निर्मित हुई जब अत्यधिक बारिश की वजह से गांव चारों तरफ से बाढ़ के पानी में घिर गया। गांव की एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर 108 पर सूचना दी गई लेकिन बाढ़ की वजह से उसे अस्पताल ले जाना संभव नहीं हो सका। ग्रामीणों और परिजनों ने महिला को बाढ़ से निकालकर अस्पताल पहुंचाने की बहुत कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी जिसके बाद मजबूर होकर गांव की ही दाई से महिला का प्रसव करवाया गया। सिखेड़ी गांव के लोग वर्षों से इस समस्या से ग्रस्त हैं। इससे पूर्व भी बारिश के मौसम में इलाज के अभाव में लोगों की जान जा चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों से नाले पर पुल बनाने की मांग कर थक चुके हैं। हालांकि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी जल्दी ही गाँव की इस समस्या के समाधान होने की बात कह रहे है।एसडीएम ग्रामीण कृतिका भीमावत ने गांव की समस्या का हल जल्दी कराने की बात कही है

## क्रिकेट सटोरियों से जुड़े हथियार माफिया 50 कट्टे-पिस्टल और 455 कारतूस जब्त

**इंदौर,ईएमएस।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने हथियारों की खरीद-फरोख्त में लिप्त पिता-पुत्र से 50 कट्टे-पिस्टल और 455 कारतूस बरामद किए हैं। आरोपितों ने रतलाम के बुकी पप्पू और अतुल का नाम कुबूला है जो कमीशन पर हथियार बिकवा रहे हैं। पुलिस खरीदारों की तलाश कर रही है। मुंबई के माफिया स्टेनगन भी खरीद चुके हैं। कारतूस ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रक के वाल्व ढेबरी से बनाए हैं। थाना प्रभारी (क्राइम) धनेंद्रसिंह भदौरिया के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों के नाम बिल्लौरसिंह भाटिया और उसका पुत्र गुरुदास सिंह निवासी अंजड़ जिला बड़वानी हैं। दो दिन पूर्व पुलिस ने आरोपित गुरुदास को 17 पिस्टल और आठ देशी कट्टे व 455 कारतूस के साथ पकड़ा था। पूछताछ में गुरुदास ने पिता बिल्लौर सिंह का नाम कुबूला।




शुक्रवार दोपहर टीम ने बिल्लौर सिंह को भी 25 कट्टे और पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। टीआइ के मुताबिक, गुरुदास ने बताया कि उसने रतलाम के कुख्यात सटोरिये पप्पू और अतुल बाफना उर्फ हाथी को भी हथियार सप्लाई किए हैं। दोनों आरोपितों के तार रतलाम, मंदसौर और नीमच के तस्करों से जुड़े हैं। आरोपित कमीशन पर हथियारों की सप्लाई करते थे।

### मुंबई के माफिया को 90 हजार में बेची स्टेनगन

टीआई के मुताबिक, आरोपितों ने गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में भी हथियार सप्लाई करना स्वीकारा है। गुरुदास देशी स्टेनगन भी बनाने लगा था। दो महीने पूर्व उसने दलाल के माध्यम से मुंबई के माफिया को स्टेनगन भी बेची है। पुलिस काल डिटेल, बैंक अकाउंट्स की जांच कर रही है। आरोपितों ने यह भी बताया कि गिरोह में मैकेनिक और कारीगर भी शामिल हो गए जो कार में विशेष चैंबर बना कर पिस्टल-कट्टे भर देते हैं। कारीगर सीट, डिक्की, डेशबोर्ड और दरवाजों में कट्टे-पिस्टल जमा देते हैं। पुलिस पूरे गिरोह की जानकारी जुटा रही है।

### मिलेगा जिले को लाभ पर शहर को लेकर चिंता ज्यों की त्यों

# समूह जल-प्रदाय योजना हेतु कटनी सहित 6 जिलों के लिए 18000 करोड़ स्वीकृत



**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले के लिए समूह जल योजना की स्वीकृति मिली है। इससे आम जन को लाभ मिलेगा। मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने मंडला, जबलपुर, उमरिया, सागर, श्योपुर, धार, कटनी, पन्ना, बड़वानी, सीधी, रीवा, खरगोन, अलीराजपुर, सीहोर, सतना, ग्वालियर और विदिशा जिलों के लिए समूह जल-प्रदाय योजना के अंतर्गत 18000 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। मध्यप्रदेश शासन की ओर से अधिकृत जानकारी में बताया गया है कि उपरोक्त बजट से 23 नवीन जल प्रदाय योजना और विदिशा की पुनरीक्षित जल-प्रदाय योजना पर काम किया जाएगा। 23 नवीन योजनाओं की लागत 17 हजार 971 करोड़ 95 लाख और विदिशा के लिए पुनरीक्षित योजना की लागत 169 करोड़ 36 लाख रूपये है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर पर नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। समूह को जल प्रदाय योजना का संचालन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम द्वारा किया जा रहा है। विभाग की ओर से दावा किया गया है कि अब तक 53 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को उनके घर पर नल कनेक्शन से जल मुहैया करवाया जा चुका है। साथ ही 6 हजार से अधिक गाँवों के शत-प्रतिशत परिवार जहाँ इस सुविधा से लाभान्वित हुए हैं, वहीं करीब 25 हजार ग्रामों की जल-प्रदाय योजनाओं का कार्य 60 से 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है।

### जल संकट को लेकर चिंता जरूरी, बरगी दांयी तट नहर का पानी कटनी नदी में लाना ही एकमात्र विकल्प

कटनी में जल संकट को लेकर अभी चिंता से चिंता जरूरी है। शहर में कटाए घाट एनीकट से लगभग आधे शहर को जलापूर्ति की जाती है। एनीकट में में फिलहाल बारिश के बाद पानी है लेकिन यह कितने महीने चलेगा कुछ नहीं कहा जा सकता। बढ़ती आबादी के कारण शहर को पानी देना एक बड़ी चिंता है जिसमें सिर्फ बरगी दांयी तट नहर का पानी कटनी नदी में पहुंचाना ही एक मात्र विकल्प है इस पर सार्थक प्रयास करना जरूरी है। दुर्भाग्य है कि कटनी से होकर बरगी दायीं तट निकलने के बावजूद इसका लाभ कटनी शहर को नहीं मिल पा रहा।

# महिला महाविद्यालय का काम पूर्णता की ओर पर छात्राओं के आने-जाने को लेकर चिंता




**कटनी,यशभारत।** गर्ल्स कालेज के नवीन भवन का काम लगभग पूर्णता की ओर है लेकिन कालेज शहर से दूर होने के कारण छात्राओं को यहां आने जाने को लेका चिंता है। गत दिनों कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल के साथ निर्माणाधीन गर्ल्स कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और विधायक ने पीआईयू के अधिकारियों से कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। विधायक से चर्चा के बाद कॉलेज को जल्द से जल्द शिफ्ट कराने के लिए कॉलेज प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर व विधायक ने संयुक्त रूप से कॉलेज के नए भवन में छात्राओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए कार्य कराने के निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभागार, कैंटीन के साथ ही छात्राओं के वाहनों की पॉर्किंग और परिसर में पौधरोपण, सौंदर्यीकरण कराने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा बारिश के पानी को सहेजने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से बनाए जाने के लिए कहा। छात्राओं की सुविधा को देखते हुए परिसर के नजदीक बॉटनी विभाग के लिए गार्डन तैयार करने और छात्रावास का निर्माण नवीन भवन से लगी भूमि पर ही कराने का सुझाव दिया इस सब के बाद भी सबसे बड़ी समस्या छात्राओं के आने जाने को लेकर थी। हालांकि शहर के विकास के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में विकास जरूरी है लेकिन कटनी में अब तक महिला महाविद्यालय शहर में होने के कारण अभिभावकों को चिंता नहीं होती थी। इस बारे में निरीक्षण के दौरान भी बात सामने आई जिसके बाद बताया गया कि इस समस्या को ध्यान में रखकर छोटी-छोटी बसें कुछ रूट में चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए उन्होंने पहले से विधायक निधि से 35 लाख रुपए की राशि दे रखी है और नवीन भवन में कॉलेज शिफ्ट होने के बाद बसों का भी संचालन किया जाएगा, ताकि, छात्राओं को बेहतर सुविधा मिल सके।

# शहर के इकलौते बस स्टेंड की दुर्दशा, सफाई तक ठीक से नहीं



**कटनी,यशभारत।** कटनी बस स्टैंड में फैली गंदगी और कई स्थानों पर लगे कचरे ढेर नगर निगम के साफ-सफाई के दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। साफ-सफाई व्यवस्था की पड़ताल करने बस स्टैंड पहुंचने पर पता चला कि यहां पर सफाई का आभाव है। बस स्टैंड में जगह-जगह चाय के डिस्पोजल फैले हुए थे, कई स्थानों पर कचरे का ढेर लगाया गया था। बस स्टैंड में कचरे के ढेर के ये नजारे साफ-सफाई को लेकर किए जा रहे दावों की हकीकत बयां कर रहे थे। बस स्टैंड सफाई व्यवस्था की ये स्थिति तब है, जब स्वच्छता को लेकर सर्वेक्षण चल रहा है। सफाई कार्य में बरती जा रही लापरवाही कटनी नगर निगम को स्वच्छता रैकिंग में पीछे कर सकती है। गौरतलब है कि नगर निगम सफाई के लिए अभियान चला रही है। सुबह से ही सफाई को लेकर मॉनिटरिंग शुरु कर दी जाती है। शहर के अधिकांश वार्डो में लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्गों और डिवाइडरों के आसपास सफाई कार्य कराया जा रहा है। बेहतर सफाई व्यवस्था के दावे किए जा रहे हैं, ऐसे में बस स्टैंड में कचरे के ढेर सफाई व्यवस्था के दावों के पोल खोलते नजर आ रहे हैं।

# विधायकों द्वारा अभद्रता की जांच कटनी के जिम्मे!



**कटनी,यशभारत।** सतना से कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा और कोतमा विधायक सुनील सराफ पर एक महिला ने बदसलूकी और छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार महिला अपने सात माह बेटे के साथ रेवांचल एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही थी। चूंकि यह घटनाक्रम कटनी से दमोह के बीच घटित हुआ लिहाजा इसकी जांच जबलपुर डिवीजन के कटनी जीआरपी को सौंपी जाएगी। सूत्रों के अनुसार कटनी जीआरपी का क्षेत्र कटनी से सतना और दमोह तक लगता है। ऐसी स्थिति में जांच कटनी जीआरपी के पास आयेगी। फिलहाल जीआरपी एसपी जबलपुर के पास पूरा मामला है। जिसकी जांच की जा रही है। आरोप है कि इसी दौरान उसी कोच में सवार नशे में धुत दोनों विधायकों ने महिला से छेड़छाड़ की। मदद मांगने पर सागर जीआरपी महिला को लेकर भोपाल पहुंची और महिला की शिकायत पर सागर जीआरपी ने दोनों विधायकों के खिलाफ छेड़छाड़ और रेलवे एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच के लिए प्रकरण को जबलपुरए कटनी जीआरपी को सौंपा जाएगा। रीवा निवासी 30 वर्षीय महिला ने अपनी शि?कायत में बताया कि छह अक्टूबर को वह रेवांचल एक्सप्रेस से रीवा रेलवे स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन;हबीबगंजद्ध के लिए सवार हुई थी। वह अपने बेटे के साथ यात्रा कर रही थी। रात करीब 11ण्50 बजे सामने वाली बर्थ में कोतमा विधायक सुनील सराफ और सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा बैठे थे। उसकी साइड वाली बर्थ पर दोनों ने खाना खाया और फिर गाली.गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने महिला के कंधे को छूकर उसे उठाया। वे दोनों नशे की हालत में बुरी नीयत से देख रहे थे।

# दिवाली-छठ के लिए कटनी से एक और ट्रेन



**कटनी,यशभारत।** त्यौहार के इस मौसम में रेल प्रशासन की ओर से कटनी सतना के यात्रियों को एक और ट्रेन मिली है इसके तहत रेल यात्रियों की सुगम और आरामदायक यात्रा के लिए पटना सिकंदराबाद- पटना के मध्य 3-3 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल रेल चलने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सीपीआरओ राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया व इटारसी रेलवे से होकर अपने गंतव्य को जाएगी। ऐसे समझें ट्रेन को इसके तहत गाड़ी संख्या 03281 पटना से सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन तीन ट्रिप के लिए 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक हर सप्ताह के गुरुवार को पटना स्टेशन से 16.00 बजे चल कर अगले दिन 1.40 बजे सतना, 3.35 बजे कटनी, 4.55 बजे जबलपुर, सुबह 7.05 बजे पिपरिया, 08-50 बजे इटारसी और सिकंदराबा स्टेशन 23.55 बजे पहुंचेगी। वहीं रिटर्न में गाड़ी संख्या 03282 सिकंदराबाद पटना स्पेशल ट्रेन 3 ट्रिप के लिए 29 अक्टूबर से 12 नवंबर तक सप्ताह के हर शनिवार को 15.25 बजे सिकंदराबाद स्टेशन से चल कर दूसरे दिन 05.30 बजे इटारसी, 06.28 बजे पिपरिया, 08-50 बजे जबलपुर, 10.15 बजे कटनी, 12.25 बजे सतना और तीसरे दिन देर रात्रि को पटना स्टेशन पर 00.30 बजे पहुंचेगी।

# कई दिन बीतने के बावजूद नहीं मिला लुटेरों का सुराग

**कटनी,यशभारत। जिले के बरही क्षेत्र में दिनदहाड़े दस लाख रुपए के आभूषणों से भरे बैग को चोरी करने के मामले में कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के पास ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं है जिसके आधार पर बदमाशों को पकड़ा जा सके। हालांकि, पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। जिसमें बाइक सवार संदिग्ध युवक शहर के अंदर ही आते-जाते दिख रहे हैं।**

संदिग्ध बाइक सवार मैहर और अमरपुर की ओर भी जाते नहीं दिख रहें है। लिहाजा पुलिस को संदेह है कि वारदात को किसी स्थानीय बदमाश ने ही अंजाम दिया है। पुलिस टीम बदमाशों की तलाश कर रही है। साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है। आपको बता दें कि बरही निवासी श्रीकांत उर्फ राजा सोनी पिता जागेश्वर सोनी (35) घर से सोन-चांदी के आभूषणों से भरा बैग लेकर अपनी दुकान गया था, बैग को रखकर दुकान को खोल रहा था, इसी दौरान बाइक में सवार दो युवक उसका बैग लेकर भाग गए। श्रीकांत ने युवकों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश काफी तेजी बाइक चलाकर फरार हो गए। श्रीकांत के अनुसार बैग में लगभग दस लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण, खाता बही रखे हुए थे। पुलिस ने इस मामले में 6 लाख रुपए के आभूषण चोरी का मामला दर्ज किया है।

### माधवनगर में दो दिवसीय बरसी मेला कल से

**कटनी, यशभारत।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सतगुरु बाबा माधव शाह साहब सतगुरु बाबा नारायण साहिब जी की स्मृति में आयोजित वर्सी पर्व 9-10 अक्टूबर को सतगुरु सांई ईश्वर शाह साहिब जी के पावन सानिध्य में पूर्ण श्रद्धा भाव भक्ति से मनाया जा रहा है। जिसमें देश विदेश से हजारों श्रद्धालुओं का आगमन होता हैं। इस पावन वर्सी पर्व पर बेहतर सुव्यवस्थित रूप से मनाने हेतु प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पुलिस प्रशास, नगर निगम, विधुत विभाग, लोक निर्माण विभाग, इत्यादि के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक हरे माधव दरबार साहिब में आयोजित की गई जिसमें महापौर श्रीमती प्रीति सुरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, आयुक्त सतेन्द्र धाकरे, अपर कलेक्टर रोमोनुस टोम्पो, थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा, पवन श्रीवास्तव, संजय सोनी, कार्यपालन यंत्री शैलेश जायसवाल, अनील जायसवाल, सुनील सिंह, केपी शर्मा संदीप यादव, पीताम्बर टोपनानी, तेजभान सिंह, दीपक तिवारी एवं पार्षद मीना बेनर्जी, पार्षद विनोद यादव, पार्षद ईश्वर बहरानी, पार्षद गोविन्द चावला, राजु शर्मा, अशोक गर्ग, दीपक नामोकर, आनन्द, हरेमाधव परमार्थ सत्संग समिति माधवनगर कटनी के न्यासी गंगाराम कटारियाए, वरियलदास वाधवानी, करमचंद असरानी, देवानंद असरानी, झमटमल ठारवानी, बबल कटारिया, ईश्वर बहरानी, प्रीतम रीझवानी लालचंद कारड़ा, अशोक कारड़ा, अशोक सेवलानी, दिलीप देवानी, भगवानदास टिलवानी, अशोक रीझवानी, शंकर मीहानी, हरिश राजपाल दिनेश जैसवानी आदि उपस्थित रहे।



# भाजपा कार्यालय में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का स्वागत

**कटनी,यशभारत।** भाजपा जिला कार्यालय में कल नव नियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल का जिला पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए श्री पायल ने कहा कि नव नियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन जिला भाजपा अध्यक्ष के रूप में संगठन को सुनहरे भविष्य में ले जाने तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष द्वयरामचन्द्र तिवारी श्री चमनलाल आनंद ने कहा कि हम सभी अब नए जिला नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने लक्ष्य में जुट जाएंगे। अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, रामचन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री चेतन हिन्दुजा, गीता गुप्ता, श्रीमती मीना कश्यप, सुश्री अंकिता तिवारी, रामू साहू, शिवम शर्मा, प्रकाश सिंघानिया, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, यज्ञदत्त मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, वागीश आनन्द, सहित कई भाजपा जन उपस्थित थे।

# बीआरसी आफिस में घुसा सांप, दहशत में स्टाफ



**कटनी,यशभातर।** पानी गिरने के बाद से एक बार फिर जहरीले जीव जंतुओं का सुरक्षित स्थान की तलाश में घरों दुकानों में घुसने के मामले सामने आ रहे हैं ऐसा ही एक मामला बीआरसी आफिस में आया। लक्ष्मी गौ सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश सोनी को सुचना मिली कि गांधी स्कूल के पीछे बीआरसी आफिस में एक सांप घुस गया है। पहुंच कर तलाश करने पर आफिस में पूजा के स्थान के नीचे कुंडली मार के बैठा ये धमान प्रजाति का सांप था। विशेषज्ञ ने बताया कि ये सांप जहरीला नहीं होता लेकिन फुर्तीला बहुत होता है सांप को सुरक्षित पकड़ कर जंगल में छोड़ा गया सर्प विशेषज्ञ सतीश सोनी ने आग्रह किया है कि अगर आप के घर में कोई सांप निकले तो उसे मारे नहीं बल्कि सूचना दें ताकि सांप को सुरक्षित पकड़ कर जंगल में छोड़ा जा सके।

# कीटनाशक दवा के छिड़काव के साथ रोजाना की जा रही नाले-नालियों की सफाई



**कटनी,यशभारत।** वर्तमान में रोजाना परिवर्तित हो रहे मौसम के कारण नगर में किसी भी प्रकार का संक्रमण पैर न पसार सके इस हेतु कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी है। अभियान के तहत वार्ड क्र. 9 की विभिन्न गलियों में कीटनाशक दवा के छिड़काव के साथ ही वार्ड क्र. 3 स्थित पार्षद निवास के घर के पास, वार्ड क्र.8 की विभिन्न नालियों, वार्ड क्र. 9 राष्ट्रीय स्कूल के सामने हरिजन बस्ती के नाले एवं रतन परिहार के घर के पास, वार्ड क्र. 17 की विभिन्न नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किए गए।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 07 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से



विक्रम वेधा
कलाकार- रितिक रोशन, सैफअली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 12.15 एवं सायं 6.30 बजे से



PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रवि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 3.45 एवं रात्रि 10 बजे से



गॉडफादर
कलाकार- चिरंजीवी, नयनतारा, सलमान खान, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 07 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
गॉडफादर
कलाकार- चिरंजीवी, नयनतारा, सलमान खान, सत्यदेव आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/-   लोवर क्लास-50/-

# करोड़ों रुपए राजस्व देने के बाद भी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा निवार स्टेशन

## पिछले दो दशक से कई समस्याओं से जूझ रहा निवार रेलवे स्टेशन, फुट ओव्हर ब्रिज के अभाव में रेल लाइन पार करना पड़ रहा यात्रियों को

**कटनी, यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल जोन जबलपुर के अंतर्गत कटनी रेलवे जंक्शन के सर्वाधिक राजस्व देने वाले स्टेशनों में से एक निवार रेलवे स्टेशन पिछले कई सालों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। रोजाना दो हजार से अधिक मुसाफिर इस स्टेशन से अपनी यात्रा का शुभारंभ करते हैं। यात्रियों द्वारा पिछले एक दशक से एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज के साथ ही अन्य कई सुविधाओं की मांग रेल प्रशासन से की जा रही है, लेकिन रेलवे के अधिकारियों ने इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निवार रेलवे स्टेशन में फुट ओव्हर ब्रिज की मांग पिछले कई सालों से की जा रही है। फुट ओव्हर ब्रिज के अभाव में यात्रियों को मजबूर होकर रेल लाइन पार करते हुए अपने गंतव्य के लिए जाना पड़ता है, इसके बावजूद फुट ओव्हर ब्रिज के निर्माण को लेकर रेल प्रशासन का रवैया उदासीन ही रहा है।








कटनी रेलवे जंक्शन से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित निवार रेल्वे स्टेशन में रोजाना 5 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का स्टापेज है, जिससे रोजाना करीब 2 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। इसके अलावा कई मालवाहक गाड़ियां भी गुजरती है, साथ ही निवार स्टेशन से अनाज व खनिज के भी रैक लोड होते है। इसके बावजूद रेल प्रशासन ने निवार रेलवे स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाने और ट्रेनों के स्टापेज की तरफ आज तक ध्यान नहीं दिया है। छोटे-छोटे स्टेशनों में फुट ओव्हर ब्रिज का निर्माण हो चुका है, जबकि निवार में आज एफओबी का निर्माण नहीं हो पाया है, जिसके चलते कई दुर्घटनाएं घटित चुकी हैं। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि निवार से छोटे स्टेशनों में फुट ओव्हर ब्रिज के निर्माण सहित कई अन्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की गई है, लेकिन निवार स्टेशन के विकास तथा कायाकल्प की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया गया। निवार के साथ ही कटनी-निवार रेलवे स्टेशन के बीच में पड़ने वाले तखला रेल फाटक पर ओव्हर ब्रिज के निर्माण की भी मांग की जा रही है। मांगों को लेकर क्षेत्र के नागरिकों द्वारा जल्द ही आंदोलन शुरू किया जा रहा है।

**यश भारत खबर विशेष**

### राजस्व में बढ़ोत्तरी, सुविधाएं बढ़ाने की तरफ नहीं रेल प्रशासन का ध्यान

### इन ट्रेनों का है स्टापेज

**जबलपुर की ओर जाने वाली ट्रेनें**
प्रयागराज इटारसी पैसेंजर
कटनी इटारसी मेमू
रीवा जबलपुर शटल
बिलासपुर इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस
कटनी भुसावल पैसेंजर

**कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनें**
इटारसी प्रयागराज पैसेंजर
भुसावल कटनी पैसेंजर
इंदौर बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस
जबलपुर रीवा शटल
इटारसी कटनी मेमू

### इनका कहना है

निवार स्टेशन में यात्री सुविधाएं बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों से पत्राचार व अन्य माध्यम से रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है लेकिन आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। फुट ओव्हर ब्रिज की सबसे ज्यादा आवश्यकता है, साथ ही तखला फाटक ज्यादातर समय बंद रहने से ग्रामीणों को परेशानी होती है।

*-मोहिनी देवी अखिल पांडेय, जिला पंचायत सदस्य*

## चंडिका मंदिर में देवी जागरण कल

**कटनी, यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र कुठला में चंडिका नगर स्थित चंडिका मंदिर में विगत दिवस नवरात्रि शारदेय पर्व पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गए, जिसमे गरबा नृत्य का आयोजन जय मां चण्डिका ट्रस्ट कमेटी द्वारा कराया गया था। दशहरा के उपरांत कल 9 अक्टूबर को गरबा प्रतिभागियों को पुरुस्कार सम्मान समारोह एवं देवी जागरण शहर के जाने माने लोकप्रिय गायक माइकल अवस्थी द्वारा देवी गीत भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। जय मां चण्डिका ट्रस्ट ने उक्त कार्यक्रम में धर्म प्रेमियों से चण्डिका मंदिर परिसर पहुंचने अपील की है।

## श्रीराम पांडेय ब्राम्हण एकता परिषद के सचिव नियुक्त



**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित चतुर्भुज त्रिपाठी ने पंडित श्रीराम पांडेय को अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद का मध्यप्रदेश राज्य का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। श्री पांडेय की नियुक्ति पर अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता जिला इकाई कटनी एवं बिप्र समाज ने बधाई प्रेषित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है।






# विजयराघवगढ़ में धूमधाम से निकला दशहरा चल समारोह, महानदी में विसर्जन

## 30 प्रतिमाएं सम्मिलित हुईं जुलूस में, युवा समाजसेवी यश पाठक ने की दुर्गा प्रतिमाओं की पूजा अर्चना

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी विजयराघवगढ़ में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी अपार उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी यश पाठक ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती वसुधा मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद उपाध्यक्ष उदय राज सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन की उपस्थिति रही। युवा नेता मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी यश पाठक एवं अन्य अतिथियों ने ने चल समारोह में शामिल प्रत्येक दुर्गा प्रतिमा का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया। युवा समाजसेवी यश पाठक अपने उद्बोधन में दशहरा पर्व की बधाई देते हुए क्षेत्र के लोगों के ऊपर मां दुर्गा से आशीर्वाद बनाए रखने आशीर्वाद मांगा। विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान ने बताया कि दुर्गा पूजन की परम्परा पूर्व मंत्री सत्येन्द्र पाठक की देन है, जिसे आगे बढ़ाने विधायक संजय पाठक का परिवार समर्पित है। कार्यक्रम को मनीष मिश्रा व नूर मोहम्मद ने भी संबोधित किया। इसके उपरांत दुर्गा विसर्जन चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। नगर सहित क्षेत्र में स्थापित दुर्गा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा वाहनों में दुर्गा प्रतिमा की झांकी सजाकर चल समारोह में सम्मिलित की गई। प्रतिमाओं को जनपद पंचायत के सामने मैदान में एकत्र कर नंबर दिए गए। रेणुका दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमा आगे रही। दुर्गा प्रतिमाओं के कार्यकर्ता श्रद्धा और भक्ति से डीजे बैंड बाजो के भक्ति रस में लीन होकर नृत्य करते नजर आए। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन महानदी के घाट में श्रद्धा के साथ किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

चल समारोह में विनोद मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, शिवदत्त राजा उरमलिया, राकेश उरमलिया, हरीश दुबे, अनिल शर्मा, प्रमोद शुक्ला, राजेश दुबे, रमाकांत तिवारी, बलराम गुप्ता, मो इस्तफाक, राजू खान, अरसद असरफी, नंद कुमार गुप्ता, रमेश जायसवाल, संतोष पटेल, गोलू मिश्रा, सोनू दुबे, जयशंकर उरमलिया, संत कुमार विश्वकर्मा, गब्बू गुप्ता, दीपक कछवाह, थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा सहित पुलिस, प्रशासन एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ईद मिलादुन्नबी कल, उत्साह से निकलेगा जुलूस

## अंजुमन स्कूल में दोपहर बाद होगा बच्चों का कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश का जश्न प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी के रूप में कल 9 अक्टूबर दिन रविवार को पूरी शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा जुलूस निकाला जाएगा, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जुलूस के अलावा एक जलसे का एहतेराम अंजुमन इस्लामिया स्कूल में होगा, जिसमें बच्चों द्वारा हुजूर हजरत मोहम्मद साहब की शान में कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी कैस अहमद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश मौलाना मो हामिद अहमद सिद्दीकी के ऐलान के मुताबिक सल्लाल्लाहो अलैह वसल्लम का जन्मदिन कल 9 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर अंजुमन स्कूल, खिरहनी फाटक, नेहरू वार्ड बरगवां, झर्रा टिकुरिया, अल्फर्ट गंज, अहमदनगर आदि स्थानों से शुरू होकर जुलूस दिलावर चौक में इकट्ठा होगा, जहां से जुलूस रजा चौक, शरीफ भाई की गली से होता हुआ आजाद चौक, मिशन चौक, कोतवाली तिराहा, सुभाष चौक पहुंचेगा। सुभाष चौक से मोहन टॉकीज, महारानी लक्ष्मीबाई चौक, स्टेट बैंक तिराहा होता हुआ जुलूस अंजुमन स्कूल परिसर पहुंचेगा, जहां जुलूस के समापन के बाद बच्चों के कार्यक्रम होंगे। अंजुमन ट्रस्ट द्वारा इस मौके पर जिला प्रशासन एवं नगर निगम को पत्र लिखकर प्रशासनिक व्यवस्था और साफ सफाई के माकूल इंतजामात किये जाने की गुजारिश की गई है। नगर के सभी धर्म और समाज के लोगों से जुलूस और जलसे में शिरकत फरमाने की अपील भी अंजुमन ट्रस्ट ने की है।



यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**Required**
An Office Assistant Boy & Girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excel and Busy Accounting Software. Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to.
**M/s RK Dall & Food Products Katni Pvt. Ltd, MadhavnagarKatni Mo. 9827261961**
**Email - rk.katni@gmail.com**

# उत्साह के बीच मनाया राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस




**कटनी, यशभारत।** शासकीय माध्यमिक शाला नदीपार कटनी में विगत 6 अक्टूबर 2022 को मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी के कार्यकर्ताओं द्वारा संघ का 45वां स्थापना दिवस समारोह हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भारत माता का पूजन किया एवं दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर संगठन के गीत, संगठन के घोष एवं उद्बोधन के पश्चात आभार प्रदर्शन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी राजू भाई कोल, सुरेश त्रिपाठी, काशी प्रसाद मिश्र, विभाषा दुबे, प्रशान्त चंपुरिया, प्रवीण पांडे, प्रताप सिंह राणा, सुनील हल्दकार, अंजनी गौतम, उपेंद्र मिश्रा, बालमुकुंद दुबे, रामेश्वर तिवारी, बी डी तिवारी, पीताम्बर शुक्ला, राकेश जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

## घर से अचानक गायब हो गया युवक



**रीठी, यशभारत।** रीठी थाना क्षेत्र की सलैया पुलिस के चौकी अंतर्गत लालपुरा निवासी 30 वर्षीय रेवा प्रसाद दुबे विगत 28 सितंबर को घर से अचानक गायब हो गया। उसके गुम होने की सूचना बड़े भाई काशीराम दुबे ने पुलिस को दी। उसने जानकारी देते हुते बताया कि उसका छोटा भाई घर से परिवार में यह कहकर निकला कि में बड़गांव जा रहा हूं, जब शाम को घर वापस नहीं आया तो उन्होंने रिश्तेदारी एवं आसपास खोजना शुरू किया। जब रेवाराम का पता कहीं पता नहीं चला तो 2 अक्टूबर को पुलिस चौकी सलैया में गुम होने की सूचना दी गई। जिस पर पुलिस ने गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज की। सलैया पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही है।

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म.प्र.)

पत्र क्रमांक 2223/खनिज/2022 — कटनी, दिनांक 27.09.2022

**म.प्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स / श्री/रंजन ग्रोवर निवासी सिविल लाईन कटनी (म.प्र.) (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा /पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आवेदन पत्र दिनांक 23.08.2022 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा /पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | बड़वारा | भदावर | 141/1 | 3.950 | शासकीय भूमि | मार्बल | |
| | | | कुल रकबा | 3.950 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) जिला कटनी**

जी-17901/22

Tuesday Offer @99/- Available On All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 07th October 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# कालेजों में करीब पांच हजार शिक्षकों के पद खाली

## शैक्षणिक व्यवस्था हो रही है प्रभावित

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश के कालेजों में नई शिक्षा नीति के तहत प्रथम व द्वितीय सत्र में करीब 250 से अधिक नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। कई नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम को भी लागू किया गया है। प्रदेश के 524 सरकारी स्कूलों में 61 विषयों में करीब 12 हजार 87 शिक्षकों के पद स्वीकृत है, लेकिन पांच हजार 146 पद खाली हैं। वहीं छह हजार 941 पद लाइब्रेरियन, खेल अधिकारी सहित अन्य विषयों के शिक्षक हैं। ऐसे में कालेजों में कई विषयों के शिक्षक ना होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा कालेजों में प्रभारी प्राचार्य पदस्थ होने के कारण भी शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इससे कालेजों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए तीन माह का समय बीत चुका है, लेकिन नए पाठ्यक्रम को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की व्यवस्था नही हो सकी है। वहीं प्रदेश के 14 विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 1942 पद स्वीकृत हैं, लेकिन 1428 पद खाली है। यह बात अभी हाल में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किए गए समीक्षा में सामने आई है। इसमें यह तय किया गया है कि जल्द ही रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।



### प्रदेश के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 1428 पद खाली

प्रदेश के 14 विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 1942 पद स्वीकृत हैं, लेकिन 1428 पद खाली है। इससे विश्वविद्यालयों में चल रहे पाठ्यक्रम को पढ़ाने के लिए शिक्षक उपलब्ध नही हैं। विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की संख्या कम हो रही है। इसमें बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में 142 पद शिक्षकों के खाली है। वहीं भोज मुक्ता विश्वविद्यालय में भी दस से अधिक पद खाली है। अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि में 27 पद स्वीकृत हैं, लेकिन अभी हाल में 18 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी हुआ था, लेकिन भर्ती पूरी नहीं हो पाई है।

### राजधानी के कालेजों की स्थिति

राजधानी के कुछ कालेजों में कुछ विषयों के ही शिक्षक हैं। ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बहु संकाय लेने वाले विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। राजधानी में भी कालेजों में कई विषयों के शिक्षक नहीं हैं। इसमें हमीदिया आर्ट एंड कामर्स कालेज में विज्ञान विषय के शिक्षक नहीं हैं। वहीं एमवीएम कालेज में कामर्स और आर्ट विषय के शिक्षक नहीं हैं। इस कारण यहां बहुसंकाय लेने वाले विद्यार्थियों को बहुत परेशानी हो रही है। नूतन कालेज में सात हजार छात्राएं अध्यनरत हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी है। इस कारण अतिथि विद्वान के भरोसे कई पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। नूतन कालेज में 110 पद स्वीकृत हैं। इसमें से आठ पद खाली है।



# प्रदेश के हर जिले में बनेगी लाड़ली लक्ष्मी सड़क

**भोपाल,ईएमएस।** राज्य सरकार ने तय किया है कि प्रत्येक जिले में एक आदर्श सड़क च्लाड़ली लक्ष्मीज्के नाम से जानी जाएगी। इसके लिए सभी कलेक्टरों से सड़क का चयन कर प्रस्ताव मांगे गए हैं। ऐसा कर सरकार लाड़ली लक्ष्मियों और उनके अभिभावकों का ध्यान खींचना चाहती है। इन सड़कों के नाम की घोषणा आठ अक्टूबर को भोपाल के रवींद्र भवन में प्रस्तावित लाड़ली लक्ष्मी सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करने वाले थे पर मांडू में भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण वर्ग के कारण सम्मेलन टल गया। यह अब 15 अक्टूबर के बाद आयोजित किया जा सकता है। बता दें, प्रदेश में करीब 43 लाख लाड़ली लक्ष्मी हैं।

लाड़ली लक्ष्मी शिवराज सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसे देश के दूसरे राज्यों ने भी लागू किया है। इससे न सिर्फ भविष्य के 43 लाख मतदाता (लाड़ली लक्ष्मी) जुड़े हैं। बल्कि उनके अभिभावक भी जुड़े हैं। इनको मिलाकर मतदाताओं की संख्या करीब सवा करोड़ हो जाती है। इसलिए सरकार विधानसभा चुनाव से पहले यह बड़ा दांव खेल रही है। सरकार का मानना है कि जिला मुख्यालय की एक सबसे सुंदर सड़क लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी और इसका च्लाड़ली लक्ष्मीज्नाम लोगों को सरकार और योजना की याद दिलाएगा। इस सड़क के दोनों ओर आकर्षक सजावट भी की जाएगी। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि सड़कों को कैसे सजाया जाएगा। जिला मुख्यालय की एक सड़क के प्रति लोगों का रुझान देखने के बाद प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में भी ऐसी सड़कों का चयन किया जाएगा।

चुनाव के मद्देनजर आदिवासी, महिला और लाड़ली लक्ष्मी सरकार की प्राथमिकता में हैं। इससे पहले सरकार चुनींदा लाड़ली लक्ष्मियों को बाघा सीमा की सैर करवा चुकी है। सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी प्रोत्साहन कानून में संशोधन करके उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली युवतियों को भी योजना में शामिल किया है। मई, 2022 में सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी-2 योजना का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से बेटियों को बुलाया गया था। इस सम्मेलन में कई बेटियों ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी भी लिखी और अपनी जिंदगी खुशहाल बनाने के लिए उनका धन्यवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने फोन पर इनमें से कुछ बेटियों से बात भी की थी। वहीं अब योजना-दो की पात्र बेटियों को राशि वितरित करने के लिए सम्मेलन बुलाया जा रहा था।

# फिर शुरू हुआ हेलमेट चेकिंग अभियान, कार में बगैर सीट बेल्ट दिखे, तो भरना पड़ेगा जुर्माना




**भोपाल, यशभारत।** शहर में ट्रैफिक पुलिस आज से और सख्त नजर आ रही हे। हेलमेट नहीं लगाने पर 250 और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है। ऐसी कार्रवाई से बचना हो तो घर से निकलते समय हेलमेट पहनकर निकलें। साथ में वाहन के दस्तावेज भी रखें। पुलिस इस बार हेलमेट की गुणवत्ता की भी जांच करेगी । हालांकि निम्न गुणवत्ता पाए जाने पर कोई कार्रवाई नहीं होगी।

### हाईकोर्ट ने दिया है सख्ती बरतने का आदेश

ट्रैफिक पुलिस हाई कोर्ट एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एक बार फिर शहर में बगैर हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। आठ अक्टूबर से शुरू होने वाले इस अभियान के तहत बगैर हेलमेट 250 रुपये जुर्माना एवं बगैर सीट बेल्ट 500 रुपये के जर्माने की तैयारी है। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादातर नागरिक सड़क किनारे बिकने वाले हल्के किस्म के हेलमेट खरीद कर काम चला रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मजबूत व अच्छी गुणवत्ता के हेलमेट खरीदें। अभी पुलिस ने सात अक्टूबर तक वाहन चालकों को हेलमेट पहनने को लेकर समझाइश दी है।

### ऐसे बचाता है हेलमेट

हेलमेट का खोल इंजेक्शन मोल्डेड थर्मोप्लास्टिक या प्रेशर मोल्डेड थेरमोस्टेट होता है। इसे ग्लास फाइबर से मजबूती दी जाती है या फाइबरग्लास से बना होता है। निचले बल पर पत्थर या सड़क की रगड़ या अन्य सख्त वस्तुएं सिर की हड्डी को तोड़ सकती हैं। हेलमेट का खोल ऐसी टक्कर में बल को बांट देता है, जिससे इन वस्तुओं का हेलमेट में घुसने का खतरा खत्म हो जाता है। हेलमेट पहनने से दुर्घटना के समय आपका सिर ही नहीं रीढ़ की हड्डी की भी सुरक्षा होती है।। दिमाग को गंभीर चोट से बचाया जा सकता है। दोपहिया वाहन चलाते समय अगर आपने हेलमेट पहना हुआ है, तो ये आपकी आंखों के लिए भी ठीक है। ये तेज हवा, धूल-मिट्टी, कीटाणु- प्रदूषण से आंखों की रक्षा करता है।

### इन हेलमेट का उपयोग सुरक्षित

हमेशा आइएसआइ मार्क वाला हेलमेट ही खरीदना और पहनना चाहिए। भारत में ब्यूरो आफ स्टैंडर्ड बीआइएस द्वारा प्रमाणित हेलमेट का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा डीओटी और ईसीई प्रमाणित हेलमेट का प्रयोग भी आप कर सकते हैं।

# बोनस की मांग को लेकर 24 घंटे उपवास पर बैठे भेल कर्मचारी

**भोपाल, ईएमएस।** प्लांट परफार्मेंस बोनस (पीपी) बोनस व दीपावली बोनस की मांग को लेकर भेक्टू सीटू यूनियन के पदाधिकारी शुक्रवार दोपहर तीन बजे से 24 घंटे के उपवास पर बैठ गए। उनकी मांग है कि जल्द ही दोनों बोनस के लिए संयुक्त कमेटी की बैठक आयोजित करें और इस पर निर्णय करें। यूनियन के प्रमुख दीपक गुप्ता, अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पिछले दो वर्ष से भेल के कर्मचारी बोनस के बिना सूनी दीपावली मना रहे हैं। बीते दो वर्ष प्रबंधन ने घाटे का बहाना बनाकर कर्मचारियों को दिवाली बोनस नहीं दिया है। इस वर्ष भेल कर्मचारियों के कठिन परिश्रम से घाटे से निकलकर 437 करोड़ का लाभ हुआ है। पूर्व के वर्षो में भेल कर्मचारियों को जुलाई माह तक प्लांट परफार्मेंस बोनस का भुगतान व विजयादशमी से पूर्व दीपावली बोनस का भुगतान सुनिश्चित कर दिया जाता था। इस वर्ष दशहरा पर्व बीत जाने तक भी बोनस निर्धारण के लिए बैठक की तिथि की कोई जानकारी प्रबंधन नहीं दे रहा है। बोनस पर प्रबंधन के चुप्पी साधने के कारण कर्मचारियों आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। जिसका सीधा असर कारखाने के उत्पादन पर भी पड़ रहा है।वहीं भेक्टू सीटूज् यूनियन के प्रवक्ता अतुल मालवीय ने बताया कि यूनियन पदाधिकारियों का 24 घंटे का उपवास शनिवार दोपहर तीन बजे समाप्त हो जाएगा। 10 अक्टूबर तक यदि प्रबंधन जेसीएम की तिथि घोषित नहीं करती है तो च्भेक्टू सीटूज् यूनियन विवश होकर प्रबंधन के हठधर्मिता के खिलाफ कारखाने में असहयोग आंदोलन चलाएगी।

# पहले चाकू लहराया, फिर गिड़गिड़ाया पुलिस ने बार बाउंसर से लगवाई उठक-बैठक

**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल के हबीबगंज इलाके में करतार बिल्डिंग में संचालित महिन्द्रा फाइनेंस के दफ्तर में पहुंचे बीयर बॉर के बाउंसर ने 50-60 कर्मचारियों को चाकू की नोक पर बंधक बना लिया। उसने फाइनेंस कंपनी के डिविजनल मैनेजर को चाकू लहराते हुए धमकाया कि बादशाह नाम है मेरा। तुम मुझे नहीं जानते, 6 मर्डर में हूं...। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पुलिस ने उसकी जमकर खातिरदारी की। इसके बाद वह थाने में उठक-बैठक लगाते हुए गिड़गिड़ाकर कहता रहा- पहली बार ऐसा हुआ है। अब नहीं करूंगा। अवधपुरी निवासी शीवेंद्र सिंह बघेल महिंद्रा फाइनेंस में डिविजनल मैनेजर हैं। उन्होंने बताया- हबीबगंज रेलवे स्टेशन के सामने करतार बिल्डिंग में अभी महिंद्रा फाइनेंस का ऑफिस संचालित हो रहा है। अब इसे आशिमा माल के पास शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। शुक्रवार सुबह 11 बजे ऑफिस का स्टाफ शिफ्टिंग में जुटा था। तभी उस बिल्डिंग के मालिक के बीयर बार (जैकपॉट) का बाउंसर शुभम उर्फ बादशाह ठाकुर वहां पहुंचा। वह चाकू लहराते हुए गेट के सामने खड़ा हो गया। जब मैंने उसे समझाने का प्रयास किया तो वो मुझे धमकाते हुए कहने लगा कि तुम लोग ऑफिस शिफ्ट नहीं कर सकते। उसने ऑफिस का गेट बाहर से बंद कर दिया। फिर वह चाकू लहराते हुए कहने लगा कि बिल्डिंग खाली की तो सब को खल्लास कर दूंगा। बाउंसर ने फाइनेंस कंपनी के ऑफिस का गेट बंद कर दिया था। वह चाकू लहराकर धमकी दे रहा था कि ऑफिस खाली किया तो सबको खल्लास कर दूंगा। इस दौरान ऑफिस में मैनेजर समेत 60 कर्मचारी मौजूद थे।



### नवीन अरोरा की है बिल्डिंग, उसे भी बनाया आरोपी

जांच अधिकारी स्ढ्ढ बद्री विश्वकर्मा ने बताया कि जिस बिल्डिंग में महिन्द्रा फाइनेंस का ऑफिस है, वह नवीन अरोरा की है। नवीन अरोरा बीयर बार का मालिक भी है। पुलिस ने मामले में नवीन अरोरा समेत तीन लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें बादशाह और उमेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि नवीन अरोरा की तलाश की जा रही है।

### इसलिए शिफ्ट नहीं होने दे रहा था ऑफिस

महिंद्रा फाइनेंस के रीजनल मैनेजर शिवेंद्र सिंह बताया कि मकान मालिक नवीन अरोरा को मैनेजमेंट ने ऑफिस शिफ्ट करने की सूचना दी थी। उसे लगा कि ऑफिस शिफ्ट होने से उसका किराए का नुकसान होगा। इसकी वजह यह कि अब उस बिल्डिंग में उतना ब?ा ऑफिस जल्दी कोई किराए से नहीं लेगा। ऐसे में नवीन अरोरा अपने बार के बाउंसरों को डराने-धमकाने के लिए भेजने लगा।

### बिल्डिंग खाली करने की वजह-सेफ्टी पर्पज से ठीक नहीं थी

मैनेजर शिवेन्द्र सिंह ने बताया कि ऑफिस शिफ्ट करने की वजह सेफ्टी पर्पज से ठीक नहीं थी। बिल्डिंग पुरानी थी। इसके साथ ही बार होने से असामाजिक तत्वों का हर समय आना-जाना होता था। दिन में भी बार में आने वाले ग्राहकों की वजह से कर्मचारियों को परेशानी होती थी। ऐसे में ऑफिस को शिफ्ट करने का फैसला लिया गया।

### बार भी बिल्डिंग मालिक का ही

आरोपी ने मुझे धमकाते हुए कहा कि मैं ठाकुर हूं। इस पर मैंने कहा कि मैं भी ठाकुर हूं। इसके बाद उसने किसी को फोन लगाया। वह बोल रहा था-दादा मैटर हो गया है। ल?के भेजो। ल?के पहुंचते इससे पहले पुलिस पहुंच गई। जिस बिल्डिंग में ऑफिस संचालित है। उसमें जैकपॉट नाम से बीयर बॉर भी चल रहा है। बॉर भी बिल्डिंग मालिक का ही है। इसमें आरोपी बाउंसर है। सप्ताहभर से तीन-चार बाउंसर ऑफिस में बैठ जाते थे। वह ऑफिस खाली करने से रोक रहे थे।

### मैनेजर को नहीं पता रेंट चार्ज

ऑफिस का किराए को लेकर रीजनल मैनेजर शिवेन्द्र सिंह को जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि एडमिन को इसकी जानकारी होगी। इस बिल्डिंग में 10-12 साल से ऑफिस चल रहा है। एडमिन का काम देख रहीं निम्मी ने कहा- मुझे कुछ जानकारी मीडिया को नहीं देनी है। टीआई मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। प्रारंभिक जांच में शुभम का अभी कोई रिकॉर्ड नहीं मिला है।

# बाघ की दहशत से मैनिट के 200 विद्यार्थी कक्षाओं से गायब, कुछ अवकाश पर गए



**भोपाल, यशभारत।** राजधानी में स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी (मैनिट) के परिसर में पांच दिनों से बाघ के भ्रमण की सूचना के बाद विद्यार्थियों में दहशत का माहौल है। परिसर में तालाब के पास बाघ के पगमार्क मिले हैं, हालांकि बाघ अब तक कहीं नजर नहीं आया है। इस बीच यूजी, पीजी और पीएचडी की सभी कक्षाएं शुक्रवार से आफलाइन संचालित की गई, लेकिन करीब 50 प्रतिशत उपस्थिति ही रही। बीई के द्वितीय वर्ष और अंतिम वर्ष के विद्यार्थी ही आफलाइन कक्षा में शामिल हुए, जबकि तीसरे वर्ष के ज?यादातर विद्यार्थी अनुपस्थित ही रहे। वहीं छात्रावास में रहने वाले करीब 200 से अधिक विद्यार्थी छात्रावास छोड़कर घर चले गए हैं। हालांकि प्रबंधन का कहना है कि दशहरा पर जो छात्र घर गए हैं, वे इस सूचना के कारण वापस नहीं आए हैं, जबकि संस्थान की ओर से सिर्फ एक दिन की छुट्टी घोषित की थी। बता दें कि सोमवार रात को मैनिट परिसर में कुछ कर्मचारियों ने बाघ देखने के दावे किए थे। तीसरे दिन सुबह उसके पगमार्क मिले थे। तब से लेकर शुक्रवार शाम तक कुछ नहीं मिला है। पिंजरा लगाकर बकरा बांधा है, उसमें भी वह नहीं फंस रहा है। 10 स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए हैं, उसमें भी उसकी तस्वीर नहीं आई है। मैनिट प्रबंधन के सीसीटीवी कैमरे में भी कोई फुटेज नहीं मिले हैं।

### दिन में लेते हैं कक्षा, रात में दोस्तों के घर ठहरते हैं

विद्यार्थियों का कहना है कि बाघ की मौजूदगी की सूचना से वे भयभीत हैं, इसलिए कक्षाओं में शामिल नहीं हो रहे हैं। कुछ का कहना है कि उन्हें बाघ से डर है, इसलिए अकेले कहीं नहीं निकल रहे हैं। दिन में कक्षाएं अटेंड कर रात में दोस्तों के यहां ठहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कितनी भी एहतियात बरत ली जाए, लेकिन बाघ की दस्?तक से छात्रावास में रहने पर डर है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को भी मैनिट के प्रबंधन के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों को परिसर में रात में निकलना मना है। दिन में कक्षाएं लगाई जा सकती हैं, लेकिन फिर भी विद्यार्थियों को अकेले आना-जाना नहीं है। विद्यार्थियों को रात में छात्रावास से बाहर निकलने पर रोक लगाई गई है।

# प्रदेश में तीन साल तक ही आरक्षित रखे जाएंगे पदोन्नति के लिए एससी-एसटी के पद

**भोपाल ईएमएस।** मध्य प्रदेश में छह साल बाद अधिकारियों-कर्मचारियों को अब पदोन्नति मिल सकती है। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने विधि विभाग से परामर्श करके पदोन्ति नियम-2022 तैयार कर लिए हैं। इसमें अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए तीन साल ही पद आरक्षित रखे जाएंगे। इस अवधि में यदि संबंधित वर्ग के पात्र अधिकारी-कर्मचारी नहीं मिलते हैं तो फिर इन्हें शून्य घोषित कर नए सिरे से गणना की जाएगी। इसी तरह पदोन्नति के पदों प्रतिवर्ष निर्धारित होंगे। आरक्षण उपलब्ध पदों के आधार तय होगा। पदोन्नति नियम 2002 के निरस्त होने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग काफी समय से इस प्रयास में था कि नए नियम बनाकर पदोन्नति प्रारंभ कर दी जाए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके लिए गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय समिति का गठन किया था।समिति ने तीन बैठकें की और आरक्षित व अनारक्षित वर्ग के कर्मचारी संगठनों का पक्ष लिया। इसके आधार पर विभाग ने नियम का प्रारूप तैयार करके विधि विभाग को भेजा था। इसमें अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित पद पर पदोन्नति के लिए पात्र अधिकारी-कर्मचारी नहीं मिलने पर पद रिक्त रखा जाना प्रस्तावित था। इस पर विधि विभाग ने आपत्ति उठाते हुए था कि आखिर कब तक पदों का रिक्त रखा जा सकता है। इसी तरह पदों की गणना के तरीके को लेकर भी स्थिति स्पष्ट करने की सलाह दी थी। सूत्रों के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग ने विचार-विमर्श करने के बाद अब यह प्रस्तावित किया है कि तीन वर्ष तक ही अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए पदोन्नति के पद रिक्त रखे जाएंगे। यदि इस अवधि में पात्र अधिकारी-कर्मचारी नहीं मिलते हैं तो फिर पद शून्य घोषित कर नए सिरे से पदों की गणना होगा। प्रतिवर्ष एक जनवरी की स्थिति में आरक्षित वर्ग के प्रतिनिधित्व की स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर तय होगा कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों को कितने प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। गौरतलब है कि पदोन्नति न होने से लगभग 60 हजार कर्मचारी अधिकारी सेवानिवृत्त हो गए।




### संयुक्त सूची बनेगी, न्यूनतम अंक होना रहेगा अनिवार्य

प्रस्तावित नियम के अनुसार प्रतिवर्ष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। इसमें रिक्तियों के आधार पर चयन सूची तैयार होगी। पांच वर्ष के गोपनीय प्रतिवेदनों के समग्र मूल्यांकन के आधार पर अंक निर्धारित होंगे। प्रथम श्रेणी के पद पर पदोन्नति के लिए न्यूनतम 15 अंक होने आवश्यक होंगे। इसी तरह द्वितीय श्रेणी के पदों के लिए 14, तृतीय श्रेणी के लिए 12 अंक की अनिवार्यता रहेगी।

# मैनिट की बाउंड्रीवाल टूटी, मवेशी व सुअर दे रहे बाघों को बुलावा

**भोपाल, यशभारत।** मैनिट के अंदर बाघ जैसे खतरनाक वन्यप्राणियों को मवेशी व सुअर बुलावा दे रहे हैं। ये टूटी हुई बाउंड्रीवाल से अंदर दाखिल हो जाते हैं। यह बात वन विभाग ने अपनी रिपोर्ट में कही है। यही रिपोर्ट मैनिट प्रबंधन को सौंप दी है। यह भी कहा है कि परिसर को मवेशी मुक्त बनाएं और टूटी बाउंड्रीवाल ठीक करें। साथ ही अगले कुछ दिनों तक जंगल वाले क्षेत्रों में कर्मचारियों व छात्रों के प्रवेश पर रोक लगाएं। मैनिट प्रबंधन ने इस रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इधर बाघ की मौजूदगी से वन विभाग व मैनिट प्रबंधन इन्कार नहीं कर रहे हैं। इन्होंने शुक्रवार शाम को एक बैठक की है, जिसमें सतर्कता बरतने व गश्त जारी रखने के निर्णय लिए गए हैं। इसी बैठक में भोपाल वन वृत्त के सीएफ राजेश कुमार खरे, भोपाल सामान्य वन मंडल के डीएफओ आलोक पाठक ने मैनिट प्रबंधन को रिपोर्ट सौंपी है।

# आज आधे मप्र में बारिश का अलर्ट

**भोपाल, यशभारत।** विदाई के पहले मानसून पिछले 3 दिन से मध्यप्रदेश के कई जिलों को खूब भिगो रहा है। शुक्रवार रात भोपाल समेत कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। शनिवार को भी प्रदेश के 25 जिले भीग सकते हैं। बंगाल की खाड़ी के चक्रवाती सिस्टम की वजह से ऐसा होगा। शनिवार को इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन समेत कई शहरों में तेज बारिश हो सकती है, जबकि भोपाल-जबलपुर में रिमझिम के आसार हैं। पिछले 48 घंटे से प्रदेशभर में कभी रुक-रुक कर, तो कभी तेज बारिश हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ट्रफ लाइन मध्यप्रदेश से होकर उत्तराखंड की ओर जा रही है, इसलिए बारिश हो रही है।

### आज ये जिले भीग सकते हैं...

मौसम विभाग का कहना है कि उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, भिंड, मुरैना, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, ब?वानी, आलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, देवास, ग्वालियर, दतिया, श्योपुरकलां, टीकमगढ़, छतरपुर, डिंडोरी, छिंदवा?ा में तेज बारिश के आसार हैं। रीवा, सागर, शहडोल आदि जगह बिजली गिरने या चमकने की संभावना भी है। बारिश से रात में उज्जैन में शिप्रा नदी का छोटा पुल डूब गया। मौसम विभाग के मुताबिक उज्जैन में आज भी तेज बारिश के आसार हैं।ग्वालियर में शुक्रवार रात तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भी ग्वालियर में बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

### 24 घंटे में कहां-कितनी बारिश

मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा शिवपुरी जिले में बारिश हुई। यहां पर 24 घंटे में करीब 5 इंच पानी बरस गया। इसके अलावा धार, दतिया, रतलाम, खरगोन, ग्वालियर में दो से 3 इंच बारिश दर्ज की गई। उज्जैन, इंदौर, भोपाल, छिंदवाड़ा, मंडला, रायसेन, नौगांव, खरगोन, खंडवा, नरसिंहपुर, सतना, उमरिया, सागर, नर्मदापुरम, दमोह, बेतूल, खजुराहो, जबलपुर में भी बारिश हुई।

### इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन में झमाझम होगी, भोपाल में रिमझिम

9 अक्टूबर तक- ग्वालियर, बुंदेलखंड, बघेलखंड, भोपाल और नर्मदापुरम।
9 से 12 अक्टूबर तक- भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, बघेलखंड, इंदौर और महाकौशल।
12 से 15 अक्टूबर तक- बुंदेलखंड, इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, बैतूल, खंडवा में कहीं-कहीं हल्की से तेज बारिश।
15 और 18 अक्टूबर तक- गुना, अनूपपुर, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर और छिंदवाड़ा।
18 से 21 अक्टूबर तक- बालाघाट, सिवनी, छिंदवा?ा, रायसेन, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, निवाड़ी, छतरपुर और दमोह।
21 से 24 अक्टूबर तक- बालाघाट, ग्वालियर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, विदिशा में कहीं-कहीं।

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के शिविरों में अब तक

# 5 हजार से अधिक जाति प्रमाण पत्र एवं साढ़े 3 हजार आयुष्मान कार्ड वितरित

**द्वितीय चरण के शिविरों के आयोजन का सिलसिला जारी**

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत शिविरों के आयोजन का सिलसिला जारी है। प्रथम चरण के शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर द्वितीय चरण में लग रहे शिविरों में पात्र हितग्राहियों को चिन्हित योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के शिविरों की वजह से आवेदन देकर प्रमाण पत्र बनवाने और शासकीय योजनाओं का लाभ पाने शासकीय दफ्तरों और कार्यालयों का चक्कर लगाने से लोगों को मुक्ति मिली है। बड़ी संख्या में लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं, साथ ही 5 लाख तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था का आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा हैं। ग्रामीण जन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के शिविरों के आयोजन व्यवस्था से खुश हैं।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि द्वितीय चरण के शिविरों में भी लोगों को लाभ देने के साथ-साथ आवेदन पत्र भी लिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट हिदायत दी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से छूटना नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित हो रहे शिविरों में अब तक 38 हजार 219 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 13 हजार से अधिक आवेदनों पर हितग्राहियों को लाभ मिल चुका है, शेष की प्रक्रिया जारी है। शिविरों के माध्यम से अब तक 5078 जाति प्रमाण पत्र, 3400 आयुष्मान कार्ड, 1000 लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, 498 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, 1006 को स्वच्छ भारत मिशन, 311 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जा चुका है जबकि नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा प्रकरणों का भी बड़ी संख्या में निराकरण किया गया हैं।

निर्माण श्रमिकों के पंजीयन की भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल, किसान क्रेडिट कार्ड और विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत भी लोगों को लाभ मिला है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना से 458 और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना से 171 तथा निरूशक्त छात्र छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा में दी जाने वाली फीस, निर्वाह भत्ता, परिवहन आदि के 165 और मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना से 28 पात्रों को अब तक शिविर के माध्यम से लाभ मिल चुका है।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित

**कटनी,यशभारत।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए और शासकीय उचित मूल्य दुकान की पर्याप्त भंडारण क्षमता वाली एक रूप दुकानें उपभोक्ता की सुविधा के दृष्टिकोण से उचित स्थान पर निर्मित हो सके इसके लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। इस समिति का उपाध्यक्ष जिला पंचायत के सीईओ और सचिव जिला आपूर्ति अधिकारी को बनाया गया है।

समिति का सचिव जिला आपूर्ति अधिकारी और उपसचिव जिला प्रबंधक एमपी डब्ल्यूएलसी तथा सदस्य के रूप में नगर निगम आयुक्त, सभी सीएमओ, जिला प्रबंधक एमपी एससीएससी और नोडल अधिकारी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक शामिल है। एन्युटी मॉडल उचित मूल्य दुकानों के निर्माण में किसी भी विवाद का निराकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किया जायेगा। अनुविभागीय अधिकारी के आदेश के विरूद्ध कलेक्टर को प्रथम और कमिश्नर को द्वितीय अपील की जा सकेगी। लेकिन इसमें कमिश्नर का निर्णय अंतिम होगा।

# महाकाल लोक का लोकार्पण, 11 को जिले के मंदिरों में होंगें विविध धार्मिक आयोजन



**कटनी,यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अक्टूबर की शाम 5 बजे उज्जैन स्थित महाकाल लोक का लोकार्पण करेंगें। इस उपलक्ष्य में कटनी जिले के ग्रामों व नगरों में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आयुक्त नगर निगम सहित बरही, कैमोर एवं विजयराघवगढ़ के सी.एम.ओ. और सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को महाकाल लोक के लोकार्पण कार्यक्रम के सीधे प्रासारण को लोगों के देखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा ग्राम एवं नगरों में 10 अक्टूबर एवं 11 अक्टूबर को प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 11 अक्टूबर की शाम मंदिरों एवं घरों में दीप प्रज्जवलन किया जाएगा और ध्वज पताका फ्हराया जाएगा। इसके अतिरिक्त नगर एवं ग्राम पंचायतों के मंदिर परिसर में उज्जैन के भगवान महाकाल परिसर, नवनिर्मित महाकाल लोक के फ्लैक्स और बैनर भी लगाए जाएंगें। लोंगों के जनसहयोग से मंदिरों की विद्युतीय साज-सज्जा भी की जाएगी।



# सायना में भी रही विजयादशमी की धूम

### जय श्रीराम के उद्घोष से गूँज उठा मैदान



**कटनी,यशभारत।** सायना इंटरनेशनल स्कूलए कटनी में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। स्कूल चाहता है कि सायना के बच्चे संस्कारवान होए अपनी परम्पराओं से जु? रहे और अपने तीज त्योहारों को भी मनाएँ। इस क?ी में सायना में परिसर में स्थित खेरमाता का पूजन किया तदोपरांत कन्या भोजन का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी ने ब?.च?कर हिस्सा लिया।दशहरा की शाम कुप्रवृत्तियों के प्रतीक रावण का पुतला दहन कर रामए लक्ष्मणए सीताए हनुमान व रावण की मनोरम झाँकी प्रस्तुत की गई। जिसमें कक्षा 9वीं के छात्र एलव कौशिक ने राम काए व राजदीप सिंह ने लक्ष्मण काए कक्षा 11वीं के छात्र मनी यादव ने हनुमान का और कक्षा 12वीं की छात्रा अलका गुप्ता ने सीता का वेश धारण कर वातावरण को धर्ममय बना दिया। सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र रावण की भूमिका निभा रहे कक्षा 11वीं के छात्र शुभ अग्रवाल रहे। जिनके ष्मैं हूँ लंकेशष् कहते ही तालियों की ग?ग?ाहट से परिसर गूँज उठा। दिनेश शर्मा सर और छात्र हर्ष मोंगा की ढोलक की थाप के साथ राजीव गौतमए संस्कार त्रिपाठीए हिमांशु सिंहए शान्वी पाठक और निष्ठा सिंह ने राम भजन गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सायना के प्राचार्य डॉण् आदित्य कुमार शर्माए श्रीमती भारती शर्माए समन्वयक डॉ लोकेश दुबेए कमल सरेचा एवं रीत मोंगा ने आचार्य दिलीप कुमार झा के मार्गदर्शन में झाँकी पूजन किया। कार्यक्रम में बच्चों को दशहरा मनाने व रावण दहन की प्रथा पर प्रकाश डालते हुए श्री पी एल तिवारी ने संबोधित किया।

सायना के प्राचार्य डॉण् आदित्य कुमार शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति के अंदर कोई न कोई कमी होती है।हम बुरे आचरण भी अपना लेते हैं लेकिन हम प्रति वर्ष दशहरा के अवसर पर एक बुरे आचरण का त्याग करें तो वह सही मायने में रावण दहन है। भगवान श्रीराम.लक्ष्मण.जानकी की झाँकी की आरती प्राचार्य डॉण्शर्माए सायना किड्स की प्रभारी व महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती भारती शर्माएसमन्वयकए शिक्षकों बच्चों ने की। राम द्वारा प्रतीकात्मक बाण चलाकर रावण के पुतले का दहन किया गया। स्वरुचि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सायना की चेयरपर्सन डॉण् निधि पाठक ने भी सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि रामायण के पात्र हमें आदर्श जीवन की सीख देते हैं। माता सीता ने चरित्र निर्माण एवं पतिव्रत धर्म का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह समाज के लिए अनुकरणीय है। यदि हमने अपने चरित्र को मजबूत रखा तो जीवन की कठिनाइयों से उबर कर आगे ब? सकते हैं। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन मिस निहारिका त्रिपाठी एवं डीण्सीण्मिश्रा ने किया। कार्यक्रम प्रभारी दिलीप कुमार झा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए इस उत्सव का आभार प्रदर्शन समन्वयक डॉ लोकेश दुबे ने किया।

# यूथ कटनी का रंगारंग गरबा, प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार





**कटनी,यशभारत।** यूथ कटनी सामाजिक संस्था युवाओं और छात्रों के बीच में लगातार कार्यक्रम कर रही है इसी तरह दम में विगत दिवस विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर जो सांस्कृतिक और कला की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी उनके विजेताओं को पुरस्कार देने का कार्यक्रम प्रथम चरण में संपन्न हुआ। यूथ कटने की संचालिका श्रीमती अनु शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि जिन विद्यालयों, महाविद्यालयों ने सहभाग किया उनके प्राचार्य एवं प्रबंधकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य सुधीर खरे मुख्य अतिथि डॉ श्रीमती चित्र प्रभात विशिष्ट अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने की कार्यक्रम का सफ्ल संचालन श्रीमती सीमा जैन जी द्वारा किया गया। जिन लोगों ने यूथ कटनी के प्रत्येक कार्यक्रम में सहयोग किया उन सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इनमे श्रीमती अर्चना पुरवार श्रीमती जयश्री मित्तल श्रीमती सर्जना कंधेले श्रीमती शालिनी सोनी श्रीमती मंजुला गुप्ता एवं युवाओं में श्री निलेय अनुपमा सिंह गौतम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में मां दुर्गा की आराधना के साथ गरबा का रंगारंग कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रत्येक वर्ग के लोगों ने गरबा प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गरबा क्वीन जूनियर वर्ग में आराध्या मनोरिया विनर और अदिति खटीक रनर अप रही गरबा क्वीन 18 से 40 वर्ष के ग्रुप में श्रीमती अनामिका श्रीवास्तव विनर और पूजा तनवानी रनर अप रही गरबा क्वीन 40 वर्ष से ऊपर की श्रेणी में सारिका त्रिशूलिया विनर और प्रीति सुहाने रनर अप रही है।

विशेष पुरस्कार की श्रेणी में बेस्ट ड्रेस में उमा भगोरिया बेस्ट मेकअप में अर्चिता असरानी बेस्ट ज्वेलरी में मान्या तारानी बेस्ट स्माइल में श्रीमती शांभवी श्रीवास्तव बेस्ट हेयर स्टाइल में योगिता त्रिशूलिया बेस्ट एनर्जी में विधि सोनी एवं हर्षा कृपलानी बेस्ट कपल मां बेटी में श्रीमती सीमा नाहर एवं श्रद्धा नाहर बेस्ट स्टेप में भावना जांगिड़ बेस्ट एक्सप्रेशन में ललिता गट्टानी बेस्ट लिप सिंह में संगीता मेघानी और बेस्ट जोड़ी में प्रीति सुहाने एवं संगीता मेघानी बेस्ट मां बेटी की जोड़ी में आर्यन नोहरिया एवं वंदना सोनी बेस्ट ड्रेस अप में श्रीमती मंजुला गुप्ता को विशेष पुरस्कार मिला। गरबा का प्रशिक्षण कुमारी देवांशी निषाद ने दिया और गरबा महोत्सव में निर्णायक की भूमिका में तरुण ठाकुर अक्षय जगवानी गुलशन एवं अवि श्रीवास्तव ने सहयोग किया गरबा के इस रंगारंग कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संगीता मरेले और सुनीता चौदह ने किया। सक्रिय सहयोग करने हेतु श्रीमती रेनू गट्टानी, श्रीमती ललिता गट्टानी, श्रीमती संगीता मरेली, शांभवी श्रीवास्तव, नीतू गुप्ता, श्रीमती मंजुला गुप्ता, श्रीमती वंदना सोनी, श्रीमती वंदना गेलानी, वंदना बगड़िया को सम्मानित किया गया।




# नेहरू युवा केंद्र ने अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर किया वृद्धजनों का सम्मान

**कटनी,यशभारत।** नेहरू युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी कुमारी कीर्तिका कुहर एवं लेखा कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में बच्चन नायक वृद्धाश्रम में अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अंतर्गत वृद्धजनों का तिलक एवम माल्यार्पण कर सम्मान किया गया एवम फल वितरण किया गया। साथ ही उनके जीवन शैली एवम दिनचर्या के विषय में बातचीत किया गया एवम उनसे आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में लेखा/पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवालए हृदेश कुमार दुबे वृद्ध राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अशोक चौहानए जय माता दी युवा मंडल से अनिकेत शर्मा, विक्रम तिवारी, राहुल बर्मन एवं अन्य युवाओं के साथ संस्था के वृद्धजनों की उपस्थिति रही।

# ईद मिलादुन्नबी त्योहार पर निगम प्रशासन द्वारा की जाएगी व्यवस्थाएं

**कटनी,यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी का त्योहार चांद दिखने के अनुसार आज 8 एवं कल 9 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पैगम्बर हजरत सलल्लाहो अलैह वसल्लम साहब का जुलूस दोपहर 2 बजे अंजुमन स्कूल, खिरहनी फाटक, बरगवां नेहरू वार्ड, झर्रा टिकुरिया, सुभाष चौक, अहमद नगर से उठेगा जो कि दिलावर चौक में इकट्ठा होगा वहां से जुलूस रजा चौक शरीफभाई की गली से होता हुआ आजाद चौक, मिशन चौक, नगर निगम के सामने से होकर गांधी द्वार जवाहर चौक, सुभाष चौक, मोहन टॉकीज, स्टेट बैंक के सामने से गुजरता हुआ अंजुमन स्कूल पहुंचेगा जहां पर स्थानीय कार्यक्रम संपन्न होगे। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें शांति समिति की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार ईद मिलादुन्नबी त्योहार के अवसर पर निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली विभागीय व्यवस्थाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण कराने हेतु विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपे गए है। विद्युत शाखा के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को प्रतिवर्षानुसार ईद मिलादुन्नबी त्योहार हेतु मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों, कार्यक्रम स्थल अंजुमन इस्लामिया स्कूल, दिलावर चौक एवं निर्धारित जुलूस मार्गो में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था कराने विद्युत पोल्स के बंद पडे प्वाइंटों को चालू कराने, लोक निर्माण शाखा को जुलूस मार्गो के गढ्डों की मरम्मत एवं सुधार कार्य कराये जाने, पेयजल हेतु टैंकर से पानी की व्यवस्था कराने, अस्थाई अतिक्रमण हटाने हेतु निरंतर पेट्रोलिंग करनें के साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम में फायर ब्रिगेड वाहन मय स्टाफ के उपलब्ध करानें हेतु निर्देशित किया है। निगम के स्वास्थ्य विभाग को पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों सहित कार्यक्रम स्थल अंजुमन इस्लामिया स्कूल के पास, दिलावर चौक एवं जुलूस मार्ग, लंगर स्थल की विशेष साफसफाई, चूने की लाईनिंग एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने, जुलूस मार्ग में आवारा मवेशियों के समुचित नियंत्रण हेतु नामजद कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया है। कार्यक्रम के तहत 10 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे यासीन होटल ईश्वरी पुरा वार्ड मे मोटरसाईकल रैली के आयोजन के दौरान साफ- सफाई व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया है।

# डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल की बैठक



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने कटनी जिले मे उत्पादित कटनी स्टोन का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इसका अधिक से अधिक निर्यात करने के लिए जिले के विभिन्न माइन्स संगठनों के साथ कार्य कर निर्यात को बढावा देने के निर्देश दिए। जिला निर्यात प्लान की समीक्षा करते हुएए कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में उत्पादित विभिन्न उत्पादों के निर्यात के डाटा की जानकारी ली। उन्होंने 15 अक्टूबर तक कटनी जिले का निर्यात प्लान बनाने की हिदायत दी। साथ ही उत्पाद के परिप्रेक्ष्य मे निर्यात कितना हो रहा हैए इसकी भी जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि जिले मे उत्पादन मे वृद्वि के साथ.साथ उस उत्पाद का निर्यात भी अधिक से अधिक हो, जिससे निर्यात रैंकिंग में सुधार हो। निर्यातकों को जागरुक करने के लिए एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि और उद्यमी मौजूद रहे।

# बांधा मंदिर में कल नृत्य महाआरती का आयोजन

**कटनी,यशभारत।** श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृन्दावन धाम बांधा में कल 9 अक्टूबर रविवार को शरद पूर्णिमा के परम पारलौकिक मुहूर्त में सायं 6 बजे से कटनी की ख्यातिलब्ध गीतांजलि नृत्य कला केन्द्र की नृत्य पारंगत बालिकाओं के द्वारा गीता नामदेव के नेतृत्व में श्री राधा कृष्ण जी के महारास का जीवंत प्रस्तुतिकरण आयोजित है। साथ ही सायं 7 बजे भगवान मुरली मनोहर जी की नृत्य स्तुति के साथ अत्यंत भव्य महाआरती होगी तथा आरती उपरांत उपस्थित भक्त जन भगवान के समक्ष गरबा नृत्य के माध्यम से अपनी प्रार्थना एवं आनंट प्रकट करेंगे। आायोजनोपरांत भगवान का अमृतमयी खीर प्रसाद वितरित होगा, श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के पं. रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, पं. महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, ए. पी. चतुर्वेदी, राघवेन्द्र दुबे, सत्येन्द्र त्रिपाठी, मनोज पाठक, कृष्णकांत पाण्डे, पप्पू पाठक, श्याम मिश्रा, श्रीष गौतम, ओमप्रकाश दुबे, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, बड्डू सिंह ठाकुर, बहादुर कुशवाहा आदि ने समस्त कृष्ण प्रिय जनों से प्रार्थना की है कि भगवान के इस घटित होने वाले जीवंत महारास का सपरिवार उपस्थित होकर परम पुण्य आनंद प्राप्त करें।

# पाकिस्तान की जीत बनी भारत के लिए खतरा

## अगर आज हारे तो छिन सकता है नंबर 1 का ताज



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विमेंस एशिया कप 2022 में भारतीय टीम को शुक्रवार शाम पाकिस्तान के हाथों 13 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टी20 क्रिकेट में पाकिस्तान की यह भारत के खिलाफ मात्र तीसरी और एशिया कप में पहली जीत है। इससे पहले भारत को पाकिस्तान के हाथों 2016 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान हार का मुंह देखना पड़ा था। विमेंस एशिया कप में मिली इस हार के बाद पाकिस्तान प्वाइंट्स टेबल में भारत के नजदीक पहुंच गया है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम इंडिया आज अपना पांचवा मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी, अगर आज भारत हारता है तो पाकिस्तान या बांग्लादेश नंबर 1 का ताज उनसे छीन सकते हैं। भारत इस समय 4 में से 3 मैच जीतकर 6 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में सबसे ऊपर विराजमान है। वहीं पाकिस्तान के भी 4 मैचों में इतने ही अंक है, मगर भारत नेट रन रेट के चलते उनसे आगे हैं। भारत का नेट रन रेट +2.480 का है, वहीं पाकिस्तान का +1.684 है। वहीं बांग्लादेश की करें तो वह 4 अंकों और +1.829 के नेट रन रेट के साथ तीसरे पायदान पर है। भारत की एक हार इन दोनों टीमों को बड़ा फायदा पहुंचा सकती है।

### बांग्लादेश के खिलाफ 2018 में हारा था भारत

विमेंस एशिया कप में बांग्लादेश भारत के लिए बड़ा खतरा इसलिए है क्योंकि इसी टीम ने पिछली बार भारत को फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया था। यही नहीं ग्रुप स्टेज में भी भारत को हराने वाली एकमात्र टीम बांग्लादेश ही थी। 2018 से पहले विमेंस वर्ल्ड कप के 6 संस्करण खेले गए थे और हर बार भारत ने ही खिताब जीता था, मगर पिछले संस्करण में बांग्लादेश ने टीम इंडिया की इस विनिंग स्ट्रीक को खत्म किया। BCCI को जल्द मिल सकता है नया बॉस, सौरव गांगुली की जगह लेंगे 1983 वर्ल्ड कप विनिंग टीम के सदस्य रोजर बिन्नी ! बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का भविष्य सवालों के घेरे में है। हालांकि मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड में रोजर बिन्नी को एक महत्वपूर्ण भूमिका मिल सकती है और वह शायद अध्यक्ष पद हो सकता है।

## रमीज राजा का बड़ा बयान, देर से ही सही मगर भारत ने हमें सम्मान देना शुरू कर दिया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब भी क्रिकेट के मैदान पर भारत और पाकिस्तान की टीमें भिड़ती है तो दोनों देशों की आवाम के साथ पूरी दुनिया की नजरें इस मैच पर रहती है। राजनेतिक मसलों की वजह से इन दोनों देशों के बीच द्वीपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाती जिस वजह से बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान ही भारत और पाकिस्तान का आमना सामना होता है। बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में वैसे तो भारत का पाकिस्तान पर दबदबा रहा है, मगर पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान ने यहां भारत को टक्कर दी है। पाकिस्तान की इस सुधरती परफॉर्मेंस को देखते हुए पीसीबी चीफ रमीज राजा ने कहा है कि देर से ही सही भारत ने पाकिस्तान को रिस्पेक्ट देना शुरू कर दिया है।

रमीज राजा ने इस दौरान भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले के बारे में भी बात की। उनका कहना है कि यह महामुकाबला स्किल और टैलेंट से ज्यादा मेंटल मैच होता है। रमीज राजा ने कहा स्किल और टैलेंट से ज्यादा मेंटल मैच होता है। तो अगर आप स्वभाव से मजबूत हैं और मानसिक रूप से फोकस्ड हैं और हर मानने को तैयार नहीं है तो छोटी टीम भी बड़ी टीम को हरा सकती है। पाकिस्तान हमेश से अंडरडॉग रहे हैं जब भी भारत से मुक़ाबला हुए हैं, लेकिन देर से ही सही उन्होंने हमें सम्मान देना शुरू कर दिया है क्योंकि उनके ख्याल में ये हैं कि पाकिस्तान हमें कभी हरा ही नहीं सकता।

## सौरव गांगुली की जगह लेंगे 1983 वर्ल्ड कप विनिंग टीम के सदस्य रोजर बिन्नी!

# BCCI को जल्द मिल सकता है नया बॉस



**नई दिल्ली,ईएमएस।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के सभी पदों के लिए चुनाव होने वाले हैं। मुंबई में 18 अक्टूबर को बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत के पूर्व ऑलराउंडर और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष पद की रेस में सबसे आगे हैं। यानी वह जल्द ही मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली की जगह ले सकते हैं। बीसीसीआई के चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष की भूमिका के लिए होंगे। चुनाव लड़ने के लिए इन पदों पर 11 और 12 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल करना है। हालांकि जब सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को अपना संविधान बदलने की अनुमति दी, तो सभी ने मान लिया कि बीसीसीआई के पदाधिकारी एक और कार्यकाल पूरा करेंगे। लेकिन हाल ही में नई दिल्ली में शीर्ष अधिकारियों की एक बैठक के दौरान, यह सहमति हुई कि गांगुली ब्ष्टष्ठ अध्यक्ष के रूप में दूसरा कार्यकाल नहीं मांगेंगे। सूत्रों के मुताबिक बीसीसीआई सचिव जय शाह भी अध्यक्ष बनने की दौड़ में नहीं हैं, लेकिन वे सचिव के पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

### नामांकन के बारे में डिटेल्स

उम्मीदवारों को 11 और 12 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करना होगा। इसके बाद 13 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार 14 अक्टूबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं। दो से अधिक दावेदार होने पर 18 अक्टूबर को मतदान होगा। रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रोजर बिन्नी के बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में गांगुली की जगह लेने की उम्मीद है। भारत के क्रिकेट संचालन निकाय में चुनाव से पहले उनका नाम बीसीसीआई के ड्राफ्ट मतदाता सूची में रखा गया है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के पूर्व ऑलराउंडर और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बिन्नी बीसीसीआई में एक भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि उन्हें 18 अक्टूबर को मुंबई में आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया था और उसी दिन जब चुनाव के नतीजे भी आएंगे।

# कैटरीना कैफ बनेगी भूत



नई दिल्ली, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ अपनी आने वाली फिल्म फोन भूत में भूत की भूमिका निभाएंगी। कैटरीना पहली बार किसी फिल्म में भूत का किरदार निभाती नजर आएंगी। हॉरर-कॉमेडी में सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर भी हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो साझा किया था। वीडियो में दिखाया कि फिल्म के निर्माण के दौरान कलाकारों ने बहुत अच्छा समय बिताया, जिससे दर्शकों का उत्साह फिल्म में तीनों अभिनेताओं को एक साथ देखने के लिए बढ़ा। रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ द्वारा लिखित फिल्म, विक्की कौशल के साथ शादी के बाद कैटरीना कैफ की पहली फिल्म भी होगी। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के स्वामित्व वाली एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, फोन भूत 4 नवंबर, 2022 को रिलीज होने वाली है। फोन भूत का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है, जो क्राइम-ड्रामा स्ट्रीमिंग शो मिर्जापुर में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

# विकी कौशल और शाहरुख खान की थ्रोबैक फोटो वायरल, उर्वशी रौतेला ने किया कमेंट






**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड अभिनेता विकी कौशल हाल ही में अपने क्लीन शेव लुक की वजह से खबरों में थे और ऐसे में अब उनकी एक थ्रोबैक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। शाम कौशल ने सनी कौशल और विकी कौशल की एक थ्रोबैक फोटो शेयर की है, जिस में वो शाहरुख खान और विष्णुवर्धन के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को सोशल मीडिया यूजर्स पसंद कर रहे हैं और साथ ही साथ तेजी से रिएक्ट कर रहे हैं। वहीं उर्वशी रौतेला ने भी इस पर कमेंट किया है।

### क्या है शाम कौशल का इंस्टा पोस्ट

शाम कौशल ने बीते दिन इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने बेटे विकी कौशल और सनी कौशल की एक थ्रोबैक फोटो शेयर की। इस तस्वीर में विकी और सनी के साथ ही विष्णुवर्धन भी नजर आ रहे हैं। इस फोटो में ये तीनों शाहरुख खान के साथ दिख रहे हैं, जो फिल्म अशोका के सेट पर क्लिक की गई थी। फोटो के साथ शाम ने कैप्शन में लिखा, ये तस्वीर साल 2001 में फिल्म अशोका के सेट पर ली थी। विष्णुवर्धन असिस्टेंट डायरेक्टर थे और विकी 8वीं क्लास में थे। कभी किसी ने नहीं सोचा था कि विकी फिल्म लाइन में आएगा और 2022 में दोनों साथ में फिल्म करते हुए बेस्ट डायरेक्ट (शेरशाह) और बेस्ट एक्टर (सरदार उधम) का अवॉर्ड जीतेंगे।

### उर्वशी रौतेला ने किया कमेंट

शाम कौशल के इस पोस्ट को सोशल मीडिया यूजर्स ने काफी पसंद किया और विकी- शाहरुख खान की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। सोशल मीडिया यूजर्स तेजी से इस पोस्ट पर रिएक्ट कर रहे हैं। वहीं उर्वशी रौतेला ने भी इस पोस्ट पर कमेंट किया है। उर्वशी ने कमेंट करते हुए लिखा, प्राउड फादर और प्राउड बेटा... सर आप सब से बेस्ट हैं, आपसे और आंटी से मिलकर बहुत अच्छा लगा था उस दिन।

### चर्चा में विकी का लुक

याद दिला दें कि विकी हाल ही में अली फजल और ऋचा चड्ढा के मुंबई वाले रिसेप्शन में पहुंचे थे। इस दौरान विकी ने ब्लू कलर का सूट पहना था। विकी बिना दाढ़ी के नजर आ रहे थे। उनके इस लुक को फैंस बिल्कुल पसंद नहीं कर रहे हैं। विकी के कई मीम्स सोशल मीडिया पर बन रहे हैं और फैंस कमेंट कर रहे हैं कि विकी को फिर कभी क्लीन शेव नहीं करना चाहिए। इसके साथ वे ये भी कह रहे हैं कि विकी को हमेशा दाढ़ी रखनी चाहिए।



# उर्मिला की एक बार फिर अभिनय की दुनिया में वापसी

**मुंबई, ईएमएस।** एक बार फिर बालीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर अभिनय की दुनिया में वापसी कर रही हैं। वेब सीरीज तिवारी से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू करने वाली हैं। बीते रोह फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया। उर्मिला ने खुद सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए, सीरीज की अनाउंसमेंट की। पोस्टर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीरीज में उर्मिला बिल्कुल अलग अंदाज में एक्शन करती नजर आने वाली हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया हैंडल पर तिवारी का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- उर्मिला अपनी अपकमिंग वेब सीरीज तिवारी से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। पोस्टर में उर्मिला चेहरे पर खून और बिखरे हुए बालों में बिल्कुल डिफरेंट नजर आ रही हैं। पोस्टर देखकर लग रहा है कि उर्मिला इस सीरीज में एक्शन करती नजर आएंगी। पोस्टर में लिखा है- इस बार आखिरी खड़ा होने वाला पुरुष एक महिला होगी।

# आलिया भट्ट के लिए माधुरी दीक्षित ने सास नीतू कपूर को दिया खास तोहफा, देखकर इमोशनल हो गईं एक्ट्रेस





**नई दिल्ली, एजेंसी।** माधुरी दीक्षित, करण जौहर और नोरा फतेही के शो झलक दिखलाजा 10 को काफी पसंद किया जाता है। हाल ही में शो में नीतू कपूर आई। नीतू के आने से शो में कपूर स्पेशल एपिसोड को सेलिब्रेट किया गया। इस शो का प्रोमो वीडियो सामने आया है जिसमे आप देखेंगे कि नीति टेलर, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के शादी के लुक को रीक्रिएट करती हैं। नीतू को वो देखकर काफी खुशी होती है और वह नीति को गले लगाकर अपना प्यार और आशीर्वाद देती हैं। उन्होंने नीती की परफॉर्मेंस को काफी सुंदर बताया और कहा कि इस परफॉर्मेंस ने मेरे दिल को छू लिया। इतना ही नहीं माधुरी दीक्षित कहती हैं कि नीतू जी अभी उनकी शादी भी हो गई हैं और वो अभी पैरेंट्स बनने जा रहे हैं। मैं कुछ लेकर आई हूं आलिया के लिए। ये हैं बाल गोपाल। माधुरी से बाल गोपाल लेकर नीतू बेहद खुश होती हैं और वह उन्हें गले लगाती हैं।

### आलिया का बेबी शावर

आलिया और रणबीर ने बता दें कि अप्रैल में इसी साल शादी की। आलिया ने फिर जून में प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की। बुधवार को फिर आलिया का बेबी शावर हुआ जिसमे परिवार वाले और करीबी दोस्त शामिल हुए थे। आलिया ने बेबी शावर की फोटोज भी शेयर की हैं जिसमे वह और रणबीर ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। एक फोटो में आलिया, रणबीर की गोद पर बैठी हैं और एक्टर उन्हें किस करते हैं। दोनों की ये फोटो सोशल मीडिया पर काफी पसंद की जा रही है। गोद भराई में आलिया भट्ट के साथ रोमांस करने से नहीं रुके रणबीर कपूर, एक्ट्रेस को गोदी में बिठाकर किया Kiss बता दें कि आलिया और रणबीर फिल्म ब्रह्मास्त्र में साथ में नजर आए हैं। अयान मुखर्जी द्वारा डायरेक्टेड इस फिल्म में दोनों स्टार्स के अलावा अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन अहम किरदार में थे। फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

### आलिया को काम पर जल्दी है लौटाना

रणबीर कपूर का प्लान है कि बेबी के जन्म के बाद आलिया को जल्दी काम पर वापस भेजें। आलिया ने बताया कि रणबीर कह रहे हैं कि वह बेबी के आने के बाद जल्दी आलिया को काम पर भेज देंगे और इसके लिए वह खुद सारा एडजस्टमेंट करेंगे। वह नहीं चाहते कि फैंस आलिया को मिस करें।

# हॉलीवुड नहीं कोरियन फिल्मों से कॉपी हैं 9 बॉलीवुड फिल्में

## लिस्ट में सलमान-कटरीना से सैफ अली खान तक की मूवी शामिल

मुंबई ,ईएमएस। सिनेमा वर्ल्ड में अक्सर हमें ये सुनने और देखने को मिलता है कि कई बॉलीवुड फिल्में या तो साउथ या फिर हॉलीवुड की रीमेक हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि हॉलीवुड या फिर साउथ में हिंदी फिल्मों के रीमेक नहीं हुए हैं। हर भाषा का सिनेमा अच्छी फिल्मों को अपने दर्शकों तक पहुंचाना चाहता है। ऐसे में कुछ हिंदी फिल्में ऐसी भी हैं, जो कोरियन फिल्मों से कॉपीड या इंस्पायर हैं।

### एक नजर ऐसे ही कुछ फिल्मों पर...

**भारत**-सलमान खान ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं जिन में से एक भारत भी है। साल 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म में सलमान खान, पांच अलग लुक्स में नजर आए थे। फिल्म में सलमान खान के साथ कटरीना कैफ की जोड़ी बनी थी। बता दें कि भारत, 2014 की कोरियन फिल्म ओड टू माय फादर पर आधारित थी।

**जिंदा**-2006 में संजय दत्त, जॉन अब्राहम, लारा दत्ता और सेलीना जेटली की फिल्म जिंदा रिलीज हुई थी। फिल्म टिपिकल बॉलीवुड फिल्म से अलग थी और संजय के साथ ही जॉन ने दमदार एक्टिंग की थी। बता दें कि ये साउथ कोरियन कल्ट फिल्म ओल्डब्वॉय से कॉपीड थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोरियन ओरिजनल फिल्म ने कान्स 2004 में वाहवाही भी लूटी थी। वहीं बॉलीवुड में जॉन को इस फिल्म के लिए बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर मिला था।

**सिंह इज ब्लिंग**- अक्षय कुमार की फिल्म सिंह इज किंग को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और इसके दूसरे पार्ट सिंह इज ब्लिंग से भी काफी उम्मीदें थीं, लेकिन ये सीक्वल फ्लॉप साबित हुआ था। बता दें कि सिंह इज ब्लिंग, 2006 में रिलीज हुई साउथ कोरियन फिल्म माई वाइफ इज ए गैंग्स्टर 3 से इंस्पायर्ड थी। सिंह इज ब्लिंग में अक्षय के साथ एमी जैक्सन नजर आई थीं।

**आवारापन**- इमरान हाशमी की बेहतरीन फिल्मों में से एक आवारापन भी है। ये फिल्म 2007 में रिलीज हुई थी और आज भी





इसके गाने फैन्स सुनना पसंद करते हैं। आवारापन, कोरियन फिल्म अ बिटरस्वीट लाइफ से कॉपीड थी, जहां बॉलीवुड का तड़का लगाया गया था। बता दें कि फिल्म ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर आधारित थी।

**अगली और पगली**—साल 2008 में फिल्म अगली और पगली रिलीज हुई थी, जिस में रणवीर शौरी और मल्लिका शेरावत लीड रोल्स में थे।अगली और पगली, 2001 में रिलीज हुई कोरियन फिल्म माय सैसी गर्ल का रीमेक थी।बता दें कि इस फिल्म को चाइनीज, नेपाली, इंडोनेशिया सहित कई और सिनेमाज में भी रीमेक किया गया था।

**जवानी जानेमन**- सैफ अली खान और अलाया फर्नीचरवाला की फिल्म जवानी जानेमन का भी नाम इस लिस्ट में शुमार है। बता दें कि जवानी जानेमन, 2008 में रिलीज हुई कोरियन फिल्म स्केंडल मेकर्स की कॉपी थी। कोरियन फिल्म तो हिट साबित हुई थी लेकिन बॉलीवुड वर्जन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाया। वैसे बता दें कि फिल्म में कुछ बदलाव भी किए गए थे।

**जज्बा**- जज्बा, साल 2007 में रिलीज हुई कोरियन फिल्म सेवन डेज से इंस्पायर है। फिल्म एक वकील के इर्द गिर्द घूमती है, जिसकी बेटी किडनैप हो गई है। फिल्म के बॉलीवुड वर्जन में ऐश्वर्या राय बच्चन नजर आई थीं। बता दें कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई थी और फ्लॉप साबित हुई थी। याददिला दें कि मेकर्स ने कहा था कि उनके पास कोरियन फिल्म के राइट्स नहीं हैं, हालांकि दोनों फिल्में काफी हद तक एक जैसी थीं।

**मर्डर 2**- इमरान हाशमी की सिर्फ आवारापन ही नहीं बल्कि मर्डर 2 भी लिस्ट में शामिल है। मर्डर 2, 2008 में रिलीज हुई कोरियन फिल्म द चेजर से प्रेरित थी। बता दें कि कोरियन फिल्म एक रियल लाइफ किलर पर आधारित थी। वहीं फिल्म के बॉलीवुड वर्जन में कुछ चेंज किए गए थे, जो हिंदी ऑडियंस को ध्यान में रखकर किए गए थे।

**एक विलेन**- साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म एक विलेन में श्रद्धा कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख नजर आए थे। फिल्म में केआरके के भी कुछ सीन्स थे। एक विलेन, कोरियन फिल्म आई सॉ द डेविल की रीमेक थी, जिस में बॉलीवुड मसाला जोड़ गया था। बता दें कि फिल्म के साथ ही इसके गानों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

# कैमोर के बड़ारी क्षेत्र में महिला की नृशंस हत्या

## मकान के अंदर मिली रक्तरंजित लाश, सिर में धारदार हथियार से हमले के निशान



### पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम बड़ारी में एक 45 वर्षीय विधवा महिला के सिर में धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। उसकी रक्तरंजित लाश आज सुबह घर पर ही पड़ी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया। अभी हमलावर के संबंध में कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कैमोर थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने बताया कि ग्राम बड़ारी निवासी 45 वर्षीय तुलसा बाई पति नरेन्द्र कोल की मौत के बाद अपने बेटा-बेटी के साथ रहती थी। आज सुबह परिजनों ने तुलसा की रक्तरंजित लाश घर में पड़ी होने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने बताया कि तुलसा के सिर में धारदार हथियार से हमला किए जाने के निशान हैं। इसके अलावा शरीर में कहीं पर भी चोट के निशान नहीं हैं। मौके पर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है। तुलसा पर हमला किसने और क्यों किया, अभी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं लग सकी है। पुलिस तुलसा के घर आने-जाने वालों के संबंध में जानकारी ले रही है और उनसे पूछताछ भी कर रही है। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उनका सुराग लगाया जा रहा है।



# गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस को घायल के पैर में मिले चाकू के घाव

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर पुलिस शुक्रवार की शाम उस समय सकते में आ गई जब एक युवक ने फायरिंग की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तो फायरिंग के निशान तो पुलिस को नहीं मिले बल्कि युवक के पैर में चाकू के कई घाव मिले हैं। युवक को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया कि मेन बाजार माधवनगर में 40 वर्षीय दीपक मोटवानी ने शुक्रवार रात 9 बजे सूचना दी है कि अज्ञात लोगों ने उसके ऊपर फायरिंग कर दी है व उसके पैर में गोली लग गई है। तत्काल मौके की जांच कराई गई। जांच के दौरान फायरिंग की कोई खबर नहीं मिली। युवक के पैर में चाकू के कई निशान मिले हैं। घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि युवक को कुछ लोगों के साथ रुपयों के लेनदेने को लेकर विवाद चल रहा है, उसी को लेकर यह घटना हुई है। पुलिस फायरिंग की शिकायत व हमले किए जाने मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

### पैसे के लेनदेन को लेकर माधवनगर के तांगा स्टेंड में वारदात


## दुर्घटना में प्रौढ़ की मौत

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत देवराकला रोड़ बकठा मोड़ में एक्सीडेंट में चोट लगने से प्रौढ़ की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बकठा निवासी 48 वर्षीय विश्वनाथ कोल पिता सुकरू कोल की सड़क दुर्घटना से आई चोटो के कारण इलाज दौरान मौत हो गई है। कार्यकारी सहायक उप निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## विषपान से युवती की मौत

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम बिजौरी में जहर पीने से एक युवती की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिजौरी निवासी 20 वर्षीय सरस्वती पिता हीरालाल कुशवाहा ने जहरीले पदार्थ को पी लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उपचार दौरान मौत हो गई। उप निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# देरात कपड़ा दुकान में भड़की आग




### लाखों की क्षति का अनुमान

**कटनी, यशभारत।** शहर में गजानन कॉम्पलेक्स के ठीक सामने स्थित एक रेडीमेड कपड़ा दुकान में देरात आग भड़क गई। दुकान के अंदर से आग की लपटे उठती देख लोगों ने इसकी सूचना दुकान संचालक सहित फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। बताया जाता है कि गजानन कॉम्पलेक्स के ठीक सामने लक्ष्मी मेन्स वेयर नामक रेडीमेड कपड़ा दुकान में देरात विद्युत सार्टसर्किट से आग भड़क गई। दुकान के अंदर कपड़े होने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान के अंदर से आग की लपटे उठने लगी। दुकान के अंदर से आग की लपटे उठती देख लोगों ने इसकी सूचना दुकान संचालक सहित फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। बताया जाता है कि घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन जब तक दुकान के अंदर रखा सामान व अधिकांश कपड़े आग में जलकर खाक हो गए थे। आग से दुकान संचालक को लाखों की क्षति का अनुमान है। बहरहाल राजस्व विभाग व पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं।

## सहायक आपूर्ति अधिकारी का तबादला

कटनी, यशभारत। सहायक आपूर्ति अधिकारी केएस भदौरिया का स्थानान्तरण कटनी से सतना होने पर सतना जिले के लिए भारमुक्त कर दिया गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जारी आदेश के मुताबिक सहायक आपूर्ति अधिकारी केएस भदौरिया के क्षेत्र का संपूर्ण कार्य अब कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रविन्द्र कुमार पटेल को अपने कार्य के साथ-साथ विजयराघवगढ़ अनुविभाग का भी प्रभारी बनाया गया है।

## जेल अधीक्षक का सतना स्थानांतरण

**कटनी, यशभारत।** जिला जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा का स्थानांतरण हो गया है। जेल विभाग द्वारा जारी तबादला सूची में जिला जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा का स्थानांतरण केंद्रीय जेल सतना रिक्त पद पर प्रभार दिया गया है। जिला जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी जिला जेल बैढ़न को जिला जेल अधीक्षक कटनी बनाया गया है। इसी प्रकार जिला जेल शिक्षक कल्पना मिश्रा का शहडोल स्थानांतरण किया गया है। इनके स्थान पर शिक्षक दीप्ति श्रीवास्तव का शहडोल से जिला जेल कटनी स्थानांतरण हुआ है।

## युवक से बका बरामद

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत मेहगांव से एक युवक को पुलिस ने बका लिए पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आ र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब बैंक के सामने मेहगांव में 21 वर्षीय राजकु मार उर्फ मन्नू उर्फ रोहित कोल को बका लिए हुए पकड़ा है। आरोपी के विरूद्ध आ र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## हरिजन एक्ट के तीन मामले दर्ज

**कटनी, यशभारत।** कुठला पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ धारा 294, 323, 506 सहित हरिजन एक्ट का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लंपी चौराहा बिलहरी में 40 वर्षीय आशीष कोरी पिता नत्थू कोरी के साथ भरत चक्रवर्ती निवासी बिलहरी ने गाली देते हुए मारपीट की है व जातिगत अपमानित किया है। प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। इसी प्रकार इन्द्रानगर तिराहा में 42 वर्षीय राजेश रैदास के साथ समनी निषाद, जित्तू ने गाली देते हुए मारपीट की एवं जातिगत अपमानित किया। इसी प्रकार ग्राम द्धारा निवासी 29 वर्षीय रामविशाल भूमिया के साथ में रामकिशन यादव ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर एवं जातिगत रूप से अपमानित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

## रसोई टाबा कर्मचारी ने लगाई फांसी

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत रसोई ढाबा के कर्मचारी द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र में मुकेश मिश्रा द्वारा रसोई ढाबा का संचालन किया जा रहा है। यहां के कर्मचारी ग्राम घंघरीकला निवासी 21 वर्षीय छोटू कोल पिता लवकुश कोल ने निर्माणाधीन कमरे के सरिया में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# उधना-रीवा स्पेशल ट्रेन में सेकंड एवं थर्ड एसी का एक कोच बढ़ा

## रेलवे के निर्णय से यात्रियों को मिलेगा फायदा



**कटनी, यशभारत।** दीपावली व छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कटनी होकर चलने वाली उधना-रीवा-उधना साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन में द्वितीय और तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के एक-एक अतिरिक्त कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इन दो कोचों के लगने से जबलपुर से रीवा, सतना, मैहर, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार की तरफ जाने एवं आने वाले रेल यात्रियों को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 46 अतिरिक्त बर्थ एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 64 अतिरिक्त बर्थ की सुविधा मिलेगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 09045 उधना से रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन में अपने प्रारंभिक स्टेशन उधना से 07 अक्टूबर से तथा गाड़ी संख्या 09046 रीवा से उधना साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन में अपने प्रारंभिक स्टेशन रीवा से 08 अक्टूबर से वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक-एक अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। इस रेलगाड़ी में एक-एक अतिरिक्त कोच बढ़ने से अब 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित 24 कोच रहेंगे।

## करंट लगने से युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत करंट लगने से युवक की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कूड़ा धनिया निवासी 20 वर्षीय राजेश पटेल पिता प्रेम लाल पटेल की करंट लगने से मौत हो गई है। सहायक उपनिरीक्षक कमलेश्वर शुक्ला ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

### सूचना पत्र

इंडियन पार्टनरशिप एक्ट के धारा 72 के अन्तर्गत सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स एम.इसहाक एम. गुलाम एलियास मार्डन बीड़ी फैक्ट्री, कटनी जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक 695 दिनांक 27.08.1966 के भागीदार श्री मंजूरूल कय्यूम आत्मज स्व. हाजी गुलाम रसूल का निधन तारीख 19.12.2019 को हो गया था दिनांक 20.12.2019 से फर्म मेसर्स एम. इसहाक एम.गुलाम एलियास मार्डन बीड़ी फैक्ट्ररी, कटनी के भागीदार निम्न व्यक्ति हैं- 1. गुलाम मुर्तजा, 2. अनवारूल कय्यूम, 3. गुलाम हसनेन, 4. मो. हारिस, 5 साजिद अहमद, 6 मो. खालिद, 7. गुलाम इसहाक अहमद, 8. कैस अहमद, 9. रहमतुननिसा, 10. अकबर अहमद खां, 11. वाजिद अहमद, 12. औवेस अहमद, 13. मोमिनुल कय्यूम, 14. मो. जुबैर, 15. मो. नसरूल कय्यूम।

वास्ते
फर्म एम.इसहाक एम. गुलाम एलियास
मार्डन बीड़ी फैक्ट्री, कटनी





लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित।

प्लाट बेचना है
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)